

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 237 | ग्वालियर, शुक्रवार, 17 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## न्यूज ट्रैक

### एनसीईआरटी की बुक में हुए बदलाव पर शिक्षाविदों ने की आपत्ति तो यूजीसी प्रमुख क्या कुछ बोले?



राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तकों में बदलाव को लेकर उत्पन्न विवाद के बीच विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम जगदीश कुमार ने एनसीईआरटी का बचाव किया. उन्होंने कहा कि कुछ शिक्षाविदों की आपत्तियों में कोई दम नहीं है और इनके द्वारा निशाना साधा जाना अवांछित है. कुमार की यह टिप्पणी, पॉलिटिकल साइंस की पाठ्यपुस्तकों से मुख्य सलाहकार के रूप में अपना नाम हटाने के लिए शिक्षाविद सुहास पालसीकर और योगेन्द्र यादव के कुछ दिन पहले एनसीईआरटी को पत्र लिखे जाने के बाद आई है. एक दिन पहले ही 33 शिक्षाविदों ने एनसीईआरटी से किताबों से अपना-अपना नाम हटाने का अनुरोध करते हुए कहा था कि उनका सामूहिक रचनात्मक प्रयास खतरे में है. यूजीसी प्रमुख एम जगदीश कुमार कुमार ने ट्वीट किया, ''हाल में, कुछ शिक्षाविदों ने पाठ्यपुस्तकों में संशोधन को लेकर एनसीईआरटी पर निशाना साधा, जो अवांछित है. पाठ्यपुस्तकों में वर्तमान बदलाव पहली बार नहीं हो रहा है. एनसीईआरटी ने पहले भी समय समय पर पाठ्यपुस्तकों में संशोधन किया है.''उन्होंने कहा कि एनसीईआरटी ने भी इस बात की पुष्टि की है कि वह हाल में विद्यालयी शिक्षा पर जारी किये गये राष्ट्रीय पाठ्यक्रम ढांचा के आधार पर नयी पाठ्यपुस्तकें तैयार कर रहा है. अकादमिक भार कम करने के लिए मौजूदा पाठ्यपुस्तकों को युक्तिसंगत बनाया गया है, जो केवल अस्थायी चरण है. कुमार ने कहा कि ऐसे में, इन शिक्षाविदों की 'आपत्तियों' में कोई दम नहीं है. इस प्रकार का असंतोष प्रकट करने का कारण एकेडमी नहीं, बल्कि कुछ और है. 73 शिक्षाविदों ने गुरुवार (15 जून) को संयुक्त बयान में आरोप लगाया कि एनसीईआरटी को बदनाम करने की पिछले तीन महीने से जानबूझकर कोशिश की जा रही है और यह ''शिक्षाविदों के बौद्धिक अहंकार को दर्शाता है जो चाहते हैं कि छात्र 17 साल पुरानी पाठ्यपुस्तकों को ही पढ़ते रहें.बयान में कहा गया है, ''प्रमुख सरकारी संस्थान एनसीईआरटी को बदनाम करने और पाठ्यक्रम अपडेट करने के लिए अत्यावश्यक प्रक्रिया को बाधित करने की पिछले तीन महीने से जानबूझकर कोशिश की जा रही हैं.'

### कांग्रेस पर जमकर बरसीं ममता बनर्जी, वो हमसे राष्ट्रीय स्तर पर मदद चाहते हैं,




पश्चिम बंगाल पंचायत चुनाव के दौरान हुई झड़पों को लेकर विपक्ष के आरोपों के बीच पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी की अध्यक्ष ममता बनर्जी ने अहम बयान दिया है. दक्षिण 24 परगना में सीएम ने कहा कि आज जो लोग बोल रहे हैं कि बंगाल में शांति नहीं है, मैं उनसे पूछती हूं कि के राज में कौन सी शांति थी. उन्होंने कहा, कांग्रेस तो बहुत राज्यों में रही है, वे संसद में हमारा सहयोग चाहते हैं और पार्टी हम पर हमला करती है. हम बीजेपी के खिलाफ उनका साथ देने को तैयार हैं लेकिन  से हाथ मिलाने के बाद आप बंगाल में हमसे सहयोग मांगने न आएं. बता दें कि बंगाल पंचायत चुनाव में कांग्रेस ने सीपीआई(एम) के साथ गठबंधन किया है. इसका ऐलान कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने किया था.टीएमसी चीफ ने कहा कि कांग्रेस बीजेपी की गोद में बैठी है और बीजेपी कांग्रेस की गोद में. ममता बनर्जी ने कहा, अगर कांग्रेस पश्चिम बंगाल में बीजेपी से तालमेल करती है, तो उसे राज्य में हमसे समर्थन की उम्मीद नहीं करनी चाहिए. ममता बनर्जी ने कहा, कल तक पंचायत चुनाव के लिए 2 लाख 31 हजार नामांकन दाखिल हुए हैं. इनमें से ने 82 हजार नामांकन किया लेकिन विरोधी दल ने एक-डेढ़ लाख नामांकन किया.  कुछ करे तो खराब. बीजेपी के ज्यादातर लोग चोर, डकैत, गुंडे हैं.ममता ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मैं बदलाव चाहती हूं, बदला नहीं. वे आज कह रहे हैं कि वे हमें रोकेंगे. अगर आप हमें डंडे से रोक रहे हैं तो मैं विरोध करने के लिए अपने झंडे का इस्तेमाल करूंगी.

### तमिलनाडु के पूर्व शीर्ष अधिकारी राजेश दास महिला अधिकारी से यौन उत्पीड़न मामले में दोषी करार, मिली इतनी सजा



तमिलनाडु के निष्काषित एडीजीपी राजेश दास को अपनी साथी महिला अधिकारी के साथ यौन उत्पीड़न के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है. विल्लुपुरम की एक अदालत ने उन्हें तीन साल की सजा और 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है. हालांकि उन्हें इस मामले में जमानत भी मिल गई है. तमिलनाडु की स्थानीय अदालत ने 2021 के यौन उत्पीड़न मामले में दोषी ठहराए गए निलंबित एडीजीपी राजेश दास की जमानत मंजूर कर ली है. वहीं, याचिका दायर करने के लिए 30 दिन का समय दिया है.एनडीटीवी की रिपोर्ट के मुताबिक, महिला आईपीएस अधिकारी ने फरवरी 2021 में अपने वरिष्ठ अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी. जिसमें आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री एडप्पादी के पलानीसामी की सुरक्षा के लिए गश्त पर ड्यूटी कर रहे थे, उसी समय उन्होंने यौन संबंध बनाए. वही दि प्रिंट की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि शिकायतकर्ता के अनुसार, दास ने उन्हें इस मामले की रिपोर्ट करने से रोकने के लिए, पहले तो विनती की फिर डराया धमकाया

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहली मिस्र यात्रा से द्विपक्षीय संबंधों को मिलेगी नई ऊंचाई, अफ्रीका में भारत का बढ़ेगा दबदबा

अफ्रीका महाद्वीप में मिस्र का सबसे बड़ा और करीबी साझेदार है. भारत-मिस्र की दोस्ती में एक नए अध्याय की शुरुआत होने वाली है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 24 से 25 जून तक मिस्र की राजकीय यात्रा पर काहिरा जाएंगे. ये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दो देशों की यात्रा का दूसरा चरण होगा. विदेश मंत्रालय के मुताबिक पीएम मोदी 20 जून से 25 जून तक अमेरिका और मिस्र की राजकीय यात्रा करेंगे.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मिस्र यात्रा ऐतिहासिक होने वाली है. बतौर प्रधानमंत्री पहली बार ऐसा होगा जब नरेंद्र मोदी मिस्र जाएंगे. ये यात्रा मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी के निमंत्रण पर हो रही है. अल-सीसी इस साल भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे और उसी दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काहिरा आने का निमंत्रण दिया था.मिस्र यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अल-सिसी के बीच द्विपक्षीय वार्ता होगी. इस दौरान द्विपक्षीय मुद्दों के साथ ही क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय मामलों पर दोनों नेता विचारों का आदान-प्रदान करेंगे. इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी मिस्र की सरकार के वरिष्ठ लोगों के साथ ही कुछ प्रमुख हस्तियों और भारतीय समुदाय के लोगों के साथ भी बातचीत करेंगे.भारत और मिस्र के आपसी संबंधों को नई ऊंचाई देने के लिहाज से साल 2023 बेहद महत्वपूर्ण साबित होने जा रहा है. मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी ने 24 से 26 जनवरी के बीच भारत की यात्रा की थी. उस वक्त 74वें गणतंत्र दिवस पर राजधानी दिल्ली के कर्तव्य पथ से पूरी दुनिया ने भारत के शौर्य और पराक्रम का प्रदर्शन देखा. उसके साथ ही कर्तव्य पथ से भारत और मिस्र की दोस्ती की नई इबारत भी लिखी गई, जब अल-सिसी ने मुख्य अतिथि बनकर इस समारोह की शोभा बढ़ाई. ये पहला मौका था जब अरब देश मिस्र के कोई राष्ट्रपति भारत के गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए थे. इसके साथ ही मिस्र की एक सैन्य टुकड़ी ने भी कर्तव्य पथ पर 74वें गणतंत्र दिवस परेड की शोभा बढ़ाई थी. ऐसा पहली बार हुआ था, जब मिस्र की सेना के किसी दल ने भारतीय गणतंत्र दिवस समारोह के परेड में हिस्सा लिया हो.मिस्र के



राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी तीन बार भारत की यात्रा कर चुके हैं. जनवरी की यात्रा उनकी तीसरी भारत यात्रा थी. वे सबसे पहले तीसरे भारत-अफ्रीका फोरम शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए अक्टूबर 2015 में भारत आए थे. उसके बाद वे सितंबर 2016 में द्विपक्षीय वार्ता के मकसद से भारत की राजकीय यात्रा की थी. प्रधानमंत्री बनने के बाद से नरेंद्र मोदी ने अभी तक मिस्र की यात्रा नहीं की थी. इसी को ध्यान में रखते हुए जनवरी में अल-सिसी ने पीएम मोदी का मिस्र आने का न्योता भी दिया था. उस वक्त मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी ने भरोसा जताया था कि पीएम मोदी के भविष्य में मिस्र यात्रा से दोनों देशों के रिश्ते और आगे बढ़ेंगे.जब मिस्र के राष्ट्रपति ने इस साल जनवरी में भारत का दौरा किया था, तो उस वक्त पीएम मोदी के साथ बातचीत के बाद दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को सामरिक साझेदारी में बदलने पर सहमति बनी थी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी के बीच 25 जनवरी को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई थी. भारत और मिस्र के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 7 अरब डॉलर का है, मोदी और अल-सिसी ने जनवरी में वार्ता के दौरान इसे अगले 5 साल में 12 अरब डॉलर तक पहुंचाने का फैसला किया था. अल-सिसी की यात्रा के दौरान भारत और मिस्र के बीच संस्कृति, सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, युवा मामलों और प्रसारण क्षेत्र से जुड़े पांच समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर हुए थे.सामरिक साझेदारी के तहत दोनों देशों ने सहयोग के चार स्तंभों या आयामों की पहचान की थी. इसमें राजनीतिक, सुरक्षा सहयोग, आर्थिक गठजोड़ और वैज्ञानिक गठजोड़ शामिल हैं. दोनों देशों ने व्यापक सहयोग के लिए लॉन्ग टर्म ढांचा विकसित करने का फैसला किया.  प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति अल-सीसी दोनों नेता चाहते हैं कि समयबद्ध तरीके से रक्षा, सुरक्षा, कारोबार और आतंकवाद से निपटने में सहयोग को बढ़ाया जाए. रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से खाद्य और दवा आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो रही है. इस दिशा में दोनों देशों ने मिलकर काम करने का फैसला किया है.

## सीएम सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार समेत कर्नाटक के सभी मंत्रियों को दिल्ली बुलाया गया, आखिर क्या है वजह?

कर्नाटक में 20 मई 2023 को सिद्धारमैया के नेतृत्व में नई सरकार का गठन हुआ है. सरकार बनने के एक महीने से भी कम समय में कर्नाटक के सभी मंत्रियों को दिल्ली तलब किया गया है. राज्य के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने शुक्रवार (16 जून) को बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्य के सभी मंत्रियों को 21 जून को दिल्ली बुलाया है.समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा है कि कर्नाटक सरकार के मंत्री अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे. इस दौरान सभी मंत्री कर्नाटक से जुड़ी परियोजनाओं के बारे में बात चर्चा कर सकते हैं. शिवकुमार ने इससे इनकार नहीं किया कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और वह खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं.एजेंसी के मुताबिक, ऐसी खबरें है



कि सिद्धारमैया ने प्रधानमंत्री से मुलाकात का समय मांगा है. यह पूछे जाने पर कि दिल्ली प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री सिद्धारमैया प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे तो शिवकुमार ने कोई सीधा जवाब नहीं दिया और सिर्फ यह कहा, ÷हम सभी संघीय ढांचे में हैं. हम सबको मिलकर काम करना हैकर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा, ÷21 जून को हमारी पार्टी के अध्यक्ष ने हम सभी मंत्रियों को दिल्ली बुलाया है क्योंकि हममें से कुछ लोग राहुल गांधी और खरगे से मुलाकात नहीं की है.इससे पहले 13 मई को कर्नाटक में आए नतीजों में कांग्रेस ने शानदार जीत दर्ज की थी, जिसके बाद 20 मई को कर्नाटक में कांग्रेस की नई सरकार सरकार बनी है.  वरिष्ठ कांग्रेस नेता सिद्धारमैया ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली और डीके शिवकुमार ने राज्य के डिप्टी सीएम बनाए गए हैं. इसके अलावा 8 मंत्रियों ने भी सपथ ली है.

### इस्लाम धर्म त्याग करने वाले रामसिम्हन अबुबकर ने छोड़ी

मलयाली फिल्मकार और संघ परिवार से जुड़े रामसिम्हन अबुबकर ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) छोड़ने की घोषणा की है. रामसिम्हन ने दिसंबर 2021 को इस्लाम धर्म त्याग दिया था और अपना नाम अली अकबर से बदलकर रामसिम्हन अबुबकर कर लिया था. रामसिम्हन बीजेपी की राज्य समिति के सदस्य थे लेकिन उन्होंने 2021 में सभी संगठनात्मक जिम्मेदारियां त्याग दी थीं. 'पुझा मुतल पुझावरे' के निर्देशक ने कहा कि उनके निर्णय पर ज्यादा शोर मचाने की जरूरत नहीं है क्योंकि वह कहीं जा नहीं रहे हैं. वह केवल उस 'धर्म' (सनातन धर्म) के साथ चलेंगे जो उन्होंने सीखा है.रामसिम्हन ने गुरुवार (15 जून) को अपने फेसबुक पोस्ट पर लिखा, ''सभी चीजों से मुक्त. केवल -धर्म के साथ.'' फिल्मकार केरल में पिछले दो सप्ताह में बीजेपी छोड़ने वाले फिल्म जगत से जुड़े तीसरे व्यक्ति हैं.

### बाबा रामदेव ने पीएम मोदी, राहुल गांधी और विपक्षी एकता से लेकर लव जिहाद पर की बात

बाबा रामदेव ने शुक्रवार (15 जून) को पंतजलि के नए प्रीमियम प्रोडक्ट लॉन्च किए. इस मौके पर उन्होंने कहा कि पतंजलि का कारोबार पांच सालों में एक लाख करोड़ रुपये रखने का लक्ष्य है.रामदेव ने एबीपी न्यूज से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी, इस्लाम, सनातन, लव जिहाद और विपक्षी एकता सहित कई मुद्दों पर बात की. उन्होंने लव



जिहाद को लेकर कहा, %%मजहब किसी के लिए एक ध्रुवीकरण का विषय है. बहुत से लोग जातीय, राजनीतिक और सामाजिक तौर पर ध्रुवीकरण कर रहे हैं. ये लोग सैंवाधानिक अपराध कर रहे हैं.बाबा रामदेव ने दावा किया कि कुछ लोग नाम बदलकर शादी कर रहे हैं. आप ब्राह्मण घर की लड़की भागकर लाओगे तो 10 लाख रुपये मिलेंगे. राजपूत और ओबीसी वर्ग की लड़की लाओगे तो 5 लाख रुपये मिलेंगे. शादी करके बोलते हैं कि तुम तो इस्लाम की शरण में आ जाओ क्योंकि बदनाम हो चुके हो. लड़की बात नहीं मानती तो उसके टुकड़े कर दिए जाते हैंउन्होंने कहा कि धर्म परिवर्तन धंधे के तौर पर चल रहा है. हमारे सनातन धर्म ने कभी किसी को लालच देकर धर्म बदलने को नहीं कहा. आप अब क्यों नहीं बोलते? इस पर बाबा रामदेव ने कहा कि जब बोलता था लोग कहते थे कि बहुत बड़बोला है. मैं जब नहीं बोलता तो कहते हैं कि मौन हूं. मैंने इस कारण कम बोलना शुरू कर दिया और काम करना शुरू कर दिया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की बिहार के पटना में  23 जून को बुलाई गई बैठक के बारे में बाबा रामदेव ने कहा कि विपक्ष को सक्रिय रहना चाहिए है.

## यूपी में बन रहे नए समीकरण! ओम प्रकाश राजभर की सीएम योगी से मुलाकात दे रही



यूपी में बीजेपी और सुभासपा के बीच नजदीकियां लगातार बढ़ती जा रही है. सुभासपा के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बनारस में सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की. दोनों की मुलाकात वाराणसी के सर्किट हाउस में हुई. इतना ही नहीं दोनों के बीच करीब आधे घंटे से ज्यादा बातचीत हुई. इस दौरान सीएम योगी ने ओम प्रकाश राजभर को लखनऊ में मुलाकात करने के लिए भी कहा है. सीएम योगी ने ओम प्रकाश राजभर को बेटे की शादी की शुभकामनाएं भी दी. दरअसल, ओम प्रकाश राजभर के बेटे अरुण राजभर की शादी में बीजेपी के तमाम बड़े नेता शामिल हुए थे, जिनमें बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का नाम भी शामिल है. इसके अलावा कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने भी शादी समारोह में शिरकत की. कहा जा रहा है कि ये मुलाकात ऐसे वक्त में हुई है जब बीजेपी और सुभासपा के बीच गठबंधन की चर्चाएं तेज हो रही हैं. सूत्रों के मुताबिक इस गठबंधन का एलान चुनाव से पहले किया जा सकता है. ओम प्रकाश राजभर और सीएम योगी आदित्यनाथ की यह मुलाकात लोकसभा चुनाव 2024 के लिहाज से महत्तवपूर्ण मानी जा रही है. सूत्रों के मुताबिक, दोनों की अगली मुलाकात लखनऊ में हो सकती है. वहीं अगर इस मुलाकात की बात करें तो  दोनों नेताओं के बीच चुनावी तैयारियों पर बातचीत हुई है. दोनों ने सुभासपा और बीजेपी के गठबंधन पर भी चर्चा की है. इस मुलाकात को लेकर एक बार फिर से बीजेपी और सुभासपा के बीच गठबंधन की चर्चाएं तेज हो रही है.

## जिनका कोई इतिहास नहीं, वो.. नेहरू संग्रहालय का नाम बदलने पर कांग्रेस ने बीजेपी को घेरा, जेपी नड्डा ने दिया जवाब

तीन मूर्ति भवन देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू का आधिकारिक आवास था. संस्कृति मंत्रालय ने शुक्रवार (16 जून) को कहा कि एनएमएमएल की एक विशेष बैठक में इसका नाम बदलने का फैसला किया गया. सोसायटी के उपाध्यक्ष रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस बैठक की अध्यक्षता की. कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने नेहरू स्मारक संग्रहालय का नाम बदले जाने पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया, %%जिनका कोई इतिहास ही नहीं है वो दूसरों के इतिहास को मिटाने चले हैं! नेहरू मेमोरियल म्यूजियम और लाइब्रेरी का नाम बदलने के कुत्सित प्रयास से, आधुनिक भारत के शिल्पकार और लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की शख्सियत को कम नहीं किया जा सकता. इससे केवल बीजेपी-आरएसएस की ओछी मानसिकता और तानाशाही रवैये का परिचय मिलता हैकांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट किया, संकीर्णता और प्रतिशोध का दूसरा नाम मोदी है. 59 वर्षों से अधिक समय से नेहरू स्मारक संग्रहालय और पुस्तकालय एक वैश्विक बौद्धिक ऐतिहासिक स्थल और पुस्तकों और अभिलेखों का खजाना घर रहा है. अब से इसे प्रधानमंत्री म्यूजियम और सोसायटी कहा जाएगा.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए जयराम रमेश ने ट्वीट में आगे लिखा, पीएम मोदी भारतीय राष्ट्र-राज्य के शिल्पकार के नाम और विरासत को विकृत करने, नीचा दिखाने और नष्ट करने के लिए क्या नहीं करेंगे. अपनी असुरक्षाओं के बोझ तले दबा एक छोटे कद का व्यक्ति स्वघोषित विश्वगुरु बना फिर



रहा है.बीजेपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कांग्रेस के बयान पर पलटवार किया. नड्डा ने कांग्रेस अध्यक्ष जेपी नड्डा के ट्वीट को शेयर करते हुए तंज कसा, राजनीतिक अपच का क्लासिक उदाहरण एक साधारण तथ्य को स्वीकार करने की असमर्थता है कि एक वंश से परे भी ऐसा नेता हैं जिन्होंने हमारे राष्ट्र की सेवा और उसका निर्माण किया है. जेपी नड्डा ने आगे लिखा, प्रधानमंत्री संग्रहालय राजनीति से परे एक प्रयास है और कांग्रेस के पास इसका अहसास करने के लिए दृष्टि की कमी है.प्रधानमंत्री संग्रहालय में हर पीएम को सम्मान मिला- जेपी नड्डाक्ष ने एक और ट्वीट में लिखा, इस मुद्दे पर कांग्रेस का रवैया विडंबनापूर्ण है क्योंकि उनकी पार्टी का एकमात्र योगदान पिछले सभी प्रधानमंत्रियों की विरासत को मिटाना है ताकि सुनिश्चित हो सके कि सिर्फ एक परिवार की विरासत बची रहे.बीजेपी नेता जेपी नड्डा ने ट्वीट थ्रेड में आगे लिखा, प्रधानमंत्री संग्रहालय में हर पीएम को सम्मान मिला है. पंडित नेहरू से जुड़े सेक्शन में बदलाव नहीं किया गया है. इसके उलट, इसकी प्रतिष्ठा बढ़ा दी गई है. एक ऐसी पार्टी जिसने 50 से ज्यादा वर्षों तक भारत पर राज किया, उनकी तंगदिली वाकई दुखद है.

## के हाथ लगा एक एक्टर का बड़ा सीक्रेट, लेकिन मुंह बंद करने के लिए मिले पैसे, वीडियो ने किया हैरान



टीवी एक्ट्रेस उर्फी जावेद के दिन की शुरुआत सोशल मीडिया बवाली पोस्ट के साथ शुरू होती है। उर्फी हर दिन अपने बोल्ड वीडियो के जरिए लोगों के होश उड़ाती हैं। इस बार उनके हाथ एक एक्टर का बड़ा सच लगा है।

नई दिल्ली, एजेंसी। बिग बॉस ओटीटी की कंटेस्टेंट और फैशनिस्टा उर्फी जावेद अपने अतरंगी अंदाज को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। उर्फी एक्टिंग से कहीं ज्यादा अपने ड्रेसिंग सेंस के लिए जानी जाती हैं। उर्फी कब क्या कर जाएं ये कोई नहीं जानता।

उर्फी ने अब तक अपने फैशन से लोगों को होश उड़ा रही हैं। इसी बीच उर्फी का एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में उर्फी अपने कपड़ों की वजह से नहीं, बल्कि किसी और वजह से खबरों में हैं। वीडियो में उर्फी बोल रही हैं कि उन्हें सीक्रेट रिवील ना करने और चुप रहने के पैसे मिले हैं। आखिर किसने और क्यों दिए उर्फी को चुप रहने के लिए पैसे।

**आखिर किस कौन है जिसके सीक्रेट को छुपा रही हैं उर्फी**

उर्फी जावेद ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया है। इस वीडियो में वह कहती हैं, 'पता है मुझे न एक एक्टर के बारे में एक चौंकाने वाली बात पता चली है, लेकिन मैं कुछ भी नहीं कर सकती हूं। क्योंकि मुझे चुप रहने के पैसे मिले हैं।'इसके बाद वह अपने मुंह पर टेप लगा लेती हैं।

अब सोचने की बात ये है कि वह किसी एक्टर की बात कर रही हैं। इस वीडियो ने फैंस को सोच में डाल दिया है। हर कोई ये सोचने में जुट गया कि वह किस एक्टर की बात कर रही हैं और उसका ऐसा कौन सा सीक्रेट है जिसे छुपाने के लिए उन्हें पैसे मिले हैं। ये सच है या फिर उनका कोई प्रमोशनल ट्रिक है या कुछ और ये आने वाले वक्त में ही पता चलेगा।

**वीडियो में दिखा उर्फी का नया जलवा**

आपको बता दें कि हाल ही में उर्फी ने अपना नया अंदाज दिखाया था। इस वीडियो में उन्होंने पिज्जा को जहां एक तरफ ब्रालेट बनाकर पहना था। वहीं, दूसरी तरफ वह पिज्जा खाती भी दिखीं थीं। बता दें कि उर्फी ने पिज्जा के दो पीस को एक धागे की मदद से ब्रालेट बनाकर कैरी किया था। इसके साथ उर्फी ने जालीदार शॉर्ट स्कर्ट कैरी की थी। अपने लुक को और भी खूबसूरत बनाने के लिए उर्फी ने रेड लिपस्टिक लगाई थी।

## aadipurush की स्क्रीनिंग के दौरान मल्टीप्लेक्स ओनर्स भगवान हनुमान के स्वागत के लिए उत्सुक, इस तरह की तैयारी

ओम राउत ने गुलशन कुमार से निवेदन किया था



कि वह भगवान हनुमान के लिए हर सिनेमाघर में एक सीट खाली रखे। थिएटर मालिकों ने निर्णय लिया है कि वो इस फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान भगवान हनुमान के स्वागत के लिए विशेष तैयारी भी करने वाले है।

## khushi Kapoor द आर्चीज गैंग के साथ ब्राजील में आई नजर, नेटफ्लिक्स के तुडुम प्रोग्राम में लेंगी भाग

एक्ट्रेस खुशी कपूर अपनी फिल्म द आर्चीज के कास्ट और क्रू के साथ ब्राजील में हो रहे नेटफ्लिक्स के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंची है। अब उन्होंने अपनी कई फोटोज शेयर की है।श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर जल्द द आर्चीज नामक फिल्म से बॉक्स ऑफिस पर डेब्यू करने वाली है। इस फिल्म में उनके अलावा सुहाना खान, अगस्तस्य नंदा की भी अहम भूमिका है। अब सभी 2023 नेटफ्लिक्स टुडूम कार्यक्रम में भाग लेने ब्राजील पहुंचे हैं।

## दक्षिण कोरिया के बुकियॉन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में होगा फिल्म प्रायवेसी का वर्ल्ड प्रीमियर

इन दिनों अपराध पर अंकुश लगाने के नाम पर मुंबई सहित लगभग हर महानगर की हर इमारत में सीसीटीवी से निगरानी की जाती है.तमाम लोगों की राय में यह उनकी निजिता का हनन है.इसी मूल मुद्दे पर मूलतः भारतीय मगर अमरीका में बसे फिल्मकार सुदीप कंवल ने सामाजिक रोमांचक कहानी वाली फिल्म ''प्रायवेसी'' का लेखन व निर्देशन किया है,जिसका विष्व प्रीमियर 29 जून से 9 जुलाई तक संपन्न होने वाले दक्षिण कोरिया के 'बुकियॉन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल' में इस फिल्म का विष्व प्रीमियर संपन्न होगा.इस फेस्टिवल में दुनिया भर की हॉरर, थ्रिलर, मिस्ट्री और फैंटेसी फिल्मों से लेकर ढेर सारे सिनेमा शामिल हैं. इस साल के फेस्टिवल की शुरुआत जोआक्विन फोनिक्स स्टारर 'ब्यू इज अफ्रेड' से होगी।



फिल्म 'प्रायवेसी' मुंबई में सामाजिक-आर्थिक मतभेदों को उजागर करते हुए शहर में वीडियो यानी कि सीसीटीवी निगरानी के आवष्यकता के मुद्दे पर बात की गयी है.फिल्म ''प्रायवेसी' मुंबई की मलिन बस्तियों की एक सामाजिक रोमांचक फिल्म है.कहानी के केंद्र में '' मुंबई निगरानी कमांड और नियंत्रण केंद्र'' में आपरेटर के रूप में काम कर रही रूपाली की है.अति महत्त्वाकांक्षी होते हुए रूपाली लगातार अपने अपराध बोध से लड़ती है.वह अपने अंधेरे अतीत का विरोध भी करती है. लेकिन रूपाली के लिए चीजें तब जटिल होने लगती हैं,जब रूपाली प्रोटोकॉल की अनदेखी कर अपनी निगरानी में होने वाली डकैती/हत्या की जांच शुरू करती है। नेटफ्लिक्स के 'ट्रायल बाय फायर' के बाद इस फिल्म में राजश्री देशपांडे रूपाली की मुख्य भूमिका में नजर आएंगी.वह अपनी खुशी को साझा करते हुए कहती हैं,''एक अभिनेता और एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में मेरे लिए यह बहुत महत्वपूर्ण है कि पटकथा संवेदनशील तरीके से लिखी हुई हो.'प्रायवेसी' मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे के बारे में बात करती है.यह इस बात पर रोशनी डालती है कि समाज किसी व्यक्ति के संघर्ष को किस तरह से देखता है.खूबसूरती से लिखी गई इस कहानी में 'गोपनीयता' के महत्व के साथ इस बात का रेखांकन है कि कैसे हर सामाजिक तत्व इस शब्द का शोशण कर रहा है।''

मूलतः भारतीय सुदीप कंवल की षिक्षा दिक्षा न्यूयॉर्क में हुई. न्यूयॉर्क के सिटी कॉलेज से फिल्म में एमएफए के साथ स्नातक की उपाधि प्राप्त कर उन्होने लेखन और निर्देशन में विशेशज्ञता हासिल की.सुदीप कंवल ने सबसे पहले 2007 में लघु फिल्म 'इट राइजेज फ्रॉम द ईस्ट' का लेखन व निर्देशन किया था.2013 में 'साइलेंट ववे' और 2016 में 'द अदर एंड'' बनायीं. 2013 में उनकी लघु फिल्म 'साइलेंट वेव' ने संयुक्त राज्य भर में 23 फिल्म समारोहों में प्रदर्शन किया और कई पुरस्कार और नामांकन जीते।

''प्रायवेसी'' उनकी पहली फीचर फिल्म है,जिसे उन्होने मुंबई स्थित आर्ट हाउस स्टूडियो व फंडामेंटल पिक्चर्स के साथ निर्माण किया है..'कार्गो' और 'टू सिस्टर्स एंड ए हसबैंड' जैसे फिल्मों के निर्माता श्लोक शर्मा व नवीन शेट्टी ने इस फिल्म का सह निर्माण किया है. फिल्म के निर्देशक सुदीप कहते हैं-''फिल्म सूचना तक पहुंच के सम्मोहक सच को दर्शाती है. चाहे सीसीटीवी सर्विलांस हो या फिर किसी का निजी डाटा इकट्ठा करना. आज की दुनिया में किसी व्यक्ति की निजिता वास्तव में एक विलासिता बन गई है।''

राजश्री देशपांडे के साथ, फिल्म में निशंक वर्मा, संदेश कुलकर्णी, सौरभ गोयल, छाया कदम, रुशद राणा और सागर सालुंके प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

## जब मेरे गाने को लोगों का प्यार मिलता है, तभी मुझे खुशी मिलती है : अमन त्रिखा

बहुत दुख होता था. तकलीफ भी होती थी. गुस्सा बहुत आता था. कई बार मैं बहुत हताश हो जाता था. दिल टूटता था. लेकिन मैने सोच लिया था कि अब जिस राह पर चला हूं, उस राह पर जितने भी कंकड़, पत्थर, कीलें हैं,उन्हें तो झेलना ही पड़ेगा। मुंबई के ठाकुर कालेज से इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई करते करते संगीत से जुड़ने का निर्णय करने वाले गायक अमन त्रिखा को लंबा संघर्ष करना पड़ा. लगभग छह वर्ष तक संघर्ष करने के बाद अमन त्रिखा को संगीत रियालिटी शो ''सुरक्षेत्र'' से जुडने का अवसर मिला और इसी से उन्हे काफी शोहरत भी मिली. फिर 2012 में अमन ने फिल्म ''ओह माई गॉड'' में ''गो गो गोविंदा'' नमक गीत गाकर हंगामा बरपा दिया था. जिसके बाद'' सन ऑफ सरदार'', ''स्पेशल 26'' सहित तमाम फिल्मों में पार्श्व गायन करते आए।



इतना ही नहीं फिल्म 'खिलाड़ी 786' के गीत 'हुक्का बार' को गाकर जबरदस्त शोहरत बटोरी थी. अमन त्रिखा ने फिल्म ''भूतनाथ'' में अमिताभ बच्चन के लिए भी एक गाना गाया था. आमन त्रिखा के कई सिंगल गाने लोकप्रिय हो चुके हैं. हाल ही में अमन त्रिखा ने 'संगानी ब्रदर्स मोशन पिक्चर्स' के लिए एक गणपति का गाना अपनी आवाज में रिकॉर्ड कराया. उसी अवसर पर अमन त्रिखा से हमारी लंबी बातचीत हुई. . .

-जी हां! जब मैं इलेक्ट्रानिक इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा था, तो फस्ट ईअर में मुझे अहसास हुआ कि मुझे तो संगीत जगत में कुछ करना है. हालांकि मैं बचपन से ही संगीत से जुड़ा हुआ यानी कि 'की बोर्ड' बजाया करता था. इसे ईष्वर की देन ही कहा जाएगा कि बिना किसी ट्रेनिंग के ही मैं 'की बोर्ड' बजाया करता था. मुझे सुर का भी थोड़ा ज्ञान था. क्रिकेट खेलने का भी शौक था. उस वक्त मैं उन्नीस वर्ष का था. तो संगीत, क्रिकेट वगैरह बहुत कुछ चल रहा था. पर जब इंजीनियरिंग कालेज पहुंचा, तो एक दिन कक्षा में मैं यूं ही कुछ गुनगुना रहा था, क्योंकि उस दिन लेक्चर बहुत बोरिंग था. कुछ देर बाद मेरे बगल में बैठे हुए लड़के ने मुझसे कहा कि 'तू अच्छा गाता है,तू रोज गाया कर. दो तीन दिन बाद हम मेकेनिकल वर्कशॉप के लिए गए. वहां पर बड़े बड़े हाल होते हैं. हां बात करने पर या गाने पर आवाज गूंजती है. ऐसी जगह पर गाने और अपनी आवाज को सुनने में बड़ा मजा आता है. वहां पर मैं गुनगुनाता था, तो बाहर से आकर लोग मुझे अपनी

# सिने सिनेमा



## स्वारा भास्कर ने शेयर किया बेबी बंप की फोटो तो यूजर्स ने किया ये कमेंट

हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट अपडेट किया है, जिसमें उन्होंने बेबी बंप फ्लॉट करते हुए तस्वीर शेयर की है, एक तस्वीर में स्वारा के पति भी उसके साथ नजर आ रहे हैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वारा भार्कर ने 3 महीने पहले समाजवादी नेता फहद अहमद से शादी रचाई है, इस शादी के बाद से स्वारा काफी ज्यादा चर्चा में आ गई थी, लेकिन स्वारा के फैंस को तब झटका लगा जब उन्होंने अपनी प्रेग्नेंसी की खबर सोशल मीडिया पर दी. इस खबर के सामने आते ही सोशल मीडिया पर बवाल मच गया था।

बता दें कि हाल ही में स्वारा भास्कर ने एक तस्वीर शेयर की है जिसके सामने आते ही फैंस और यूजर्स कमेंट करना शुरू कर दिए हैं, स्वारा की तस्वीर सोशल मीडिया पर कुछ लोग ट्रोल कर रहे हैं तो वहीं कुछ लोग स्वारा को बधाई दे रहे हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने अपना इंस्टाग्राम अकाउंट अपडेट किया है, जिसमें उन्होंने बेबी बंप फ्लॉट करते हुए तस्वीर शेयर की है, एक तस्वीर में स्वारा के पति भी उसके साथ नजर आ रहे हैं. जिसे देखकर स्वारा के चाहने वाले उन्हें बधाई दे रहे हैं. बता दें कि जब स्वारा की प्रेग्नेंसी की खबर आई तो लोगों ने इस खबर को फर्जी बताया था. लेकिन जैसे ही स्वारा भास्कर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया सब साफ हो गया कि यह खबर सच है. कुछ यूजर्स का कहना है कि स्वारा भास्कर शादी से पहले से प्रेग्ननेंट हैं।

## 'दृश्यम 2' बेस्ट फिल्म, आलिया-रितिक सर्वश्रेष्ठ कलाकार

अंतर्राष्टीय भारतीय फिल्म अकादमी पुरस्कार (आइफा) में अजय देवगन अभिनीत फिल्म 'दृश्यम 2' ने सर्वश्रेष्ठ फिल्म का पुरस्कार अपने नाम किया। आलिया भट्ट को संजय लीला भंसाली की फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में अदाकारी के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला। वहीं, रितिक रोशन को एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'विक्रम वेधा' के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला। 'दृश्यम 2' इसी नाम की मलयालम फिल्म का रीमेक है। इसे सर्वश्रेष्ठ 'एडेप्टेड स्टोरी' का पुरस्कार भी मिला। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट अभिनीत 'ब्रह्मास्त्र- पार्ट वन शिव' ने सबसे अधिक पुरस्कार अपने नाम किए। फिल्म के लिए श्रेया घोषाल को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायिका, अरिजीत सिंह को सर्वश्रेष्ठ पार्श्व गायक, अमिताभ भट्टाचार्य को सर्वश्रेष्ठ गीतकार और मौनी रॉय को सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।



अभिनेता अनिल कपूर को फिल्म 'जुग जग जीयो' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता कापुरस्कार मिला। अभिनेता आर. माधवन को बतौर निर्देशन उनकी पहली फिल्म 'रॉकेट्री = द नंबी इफेक्ट' के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक का पुरस्कार मिला। परवेज शेख और जसमीत रीन ने 'डार्लिंग्स' के लिए सर्वश्रेष्ठ मौलिक कहानी का पुरस्कार जीता।

दिवंगत बॉलीवुड अभिनेता इरफान खान के बेटे बाबिल खान को फिल्म 'कला' के लिए सर्वश्रेष्ठ 'डेब्यू' अभिनेता का पुरस्कार मिला। उन्होंने 'गंगूबाई काठियावाड़ी' के अभिनेता शांतनु माहेश्वरी के साथ यह पुरस्कार साझा किया। अभिनेत्री खुशाली कुमार को 'धोखा अराउंड द कॉर्नर' के लिए सर्वश्रेष्ठ 'डेब्यू' अभिनेत्री का पुरस्कार मिला।

## ठहरी सी जिंदगी में संघर्ष की तपिश

वैधव्य औरत के जीवन का ऐसा पड़ाव है, जहां आकर उनकी जिंदगी ठहर सी जाती है। ये वो मुकाम है, जहां स्त्री को भेदभाव, अवमानना और अन्याय सहते हुए जीवन जीने को बाध्य होना पड़ता है। लेकिन, समय के साथ समाज का नजरिया बदला है। सिनेमा ने भी विधवा नारी के जीवन पर केंद्रित फ़िल्में बनाकर इस बदलाव का संकेत दिया। लेकिन, यह सब एक दायरे तक ही सीमित रहा! विधवा उद्धार पर फ़िल्में बनाने में फिल्मकार आज भी हिचकिचाते हैं। इसलिए कि सिनेमा की रंगीनियत में वैधव्य का सफेद रंग कहीं कमाई में बाधक न बन जाए! इस दमदार विषय को उठाने वाली फिल्मों का अभाव तो लगता है। लेकिन, ऐसे निर्माता-निर्देशक भी हैं, जिन्होंने विधवाओं की ज़िंदगी पर फ़िल्म बनाने का साहसिक फैसला किया। इनमें महबूब खान, राजकपूर, वी शांताराम, यश चोपड़ा से लेकर शक्ति सामंत और राकेश रोशन जैसे बड़े फिल्मकार हैं।



फिल्मों में विधवाओं को महज फिलर की तरह उपयोग में लाया जाता रहा। दिखाया जाता कि हीरो की मां विधवा है, जो सिलाई-कढ़ाई करके अपने बेटे का लालन-पालन करती थी। बाद में ये बच्चा या तो %त्रिशूल% के अमिताभ की तरह अच्छा निकलता है या %दीवार% के अमिताभ की तरह बिगड़ जाता है। सबसे पहले महबूब खान ने विधवा महिला के संघर्ष को लेकर 1940 में फिल्म %औरत% बनाई! बाद में 1957 में उसका रंगीन संस्करण %मदर इंडिया% बनाकर एक विधवा की व्यथा-कथा पेश की। नरगिस ने इसमें विधवा का सशक्त रोल निभाया था। दिखाया गया था कि पति की मौत के बाद अकेली औरत कैसे बच्चों को पालती और खुद को ज़माने की गंदी नजरों से भी बचाती है। शक्ति सामंत ने भी विधवा प्रेम और विवाह को लेकर कई सफल फिल्में बनाई। इसकी शुरुआत गुलशन नंदा के उपन्यास पर बनी फिल्म %कटी पतंग% से की, जिसमें आशा पारेख ने विधवा की भूमिका निभाई थी। 'कटी पतंग' की कहानी विधवा विवाह पर केंद्रित थी। इससे पहले उन्होंने शर्मिला टैगोर को %आराधना% में विधवा के रूप में दिखाया था। ऐसे ही शक्ति सामंत की दो फिल्मों %खून भरी मांग% और %करण अर्जुन% में विधवाओं के संघर्ष को मनोरंजक अंदाज में पेश किया गया।

ऐसी फिल्मों में एक 1975 में आई %शोले% भी थी। इसमें जया बच्चन ने विधवा बहू राधा के किरदार को बेहद संजीदगी से निभाया। अमिताभ ने फिल्म में जय का किरदार निभाया था। राज कपूर बैनर की %प्रेम रोग% इस विषय पर केंद्रित बेहतरीन फिल्म थी। इसमें ऋषि कपूर (देवधर) ने गरीब अनाथ का किरदार निभाया, जिसकी बचपन से पद्मिनी कोल्हापुरी (मनोरमा) से दोस्ती थी। लेकिन, मनोरमा की शादी अमीर लड़के से करवा दी जाती है लेकिन उसके पति का निधन हो जाता है। जेठ ही उसकी इज्जत लूट लेता है। वो पिता के घर लौट आती है।

## पर्दे पर बेमेल जोड़ियों का रोमांस

जब दर्शक सिनेमा के परदे पर बेमेल जोड़ियों के कथानक पर बनी फिल्म देखता है तो ये सोचता भी है कि क्या ऐसा हो सकता है! क्योंकि, कई बार फिल्मों की ऐसी कहानियों को दर्शक पचा नहीं पाते, कनेक्ट नहीं कर पाते। लेकिन, इन्हीं में से कुछ कहानियां पसंद भी की गयी। फिल्मों में दिखाया जाने वाला बेमेल जोड़ियों का रोमांस, वास्तव में समाज का एक रूढ़िवादी विचार है, जिसे तोड़ने की हिम्मत कम ही लोगों ने की। यही वजह है कि बेमेल प्रेम या प्रेम विवाह पर गिनती की फ़िल्में बनी। कुछ फिल्मों ने कम उम्र के पुरुष और अधिक उम्र की महिला के बीच प्रेम संबंधों को बेहद खूबसूरती से दिखाकर तालियां बटोरीं। ऐसी फिल्मों में अमिताभ बच्चन और रेखा से लेकर शाहरुख खान और डिंपल कपाड़िया जैसे कलाकारों ने भी काम किया है।



बेमेल जोड़ी पर बनी फ़िल्में बनाना आसान नहीं। ये फ़िल्में तब ही दर्शकों को प्रभावित करती हैं, जब उनकी कहानी दमदार हो! ऐसी फिल्मों का इतिहास काफी पुराना है। श्वेत श्याम युग में 1937 के दौरान सबसे पहले वी शांताराम ने इस विषय पर हिंदी और मराठी में %दुनिया ना माने% और %कुंकू% नाम से फिल्म बनाई। इसमें बुजुर्ग केशव दाते एक कच्ची उम्र की बच्ची को ब्याह कर ले आता है। इस बेमेल जोड़ी को बच्ची स्वीकार नहीं करती है और खेलकूद में ही व्यस्त रहती है। आखिर में बुजुर्ग को गलती का अहसास होता है, तो वो यह लिखकर आत्महत्या कर लेता है कि वह बच्ची कहीं भी शादी करने के लिए स्वतंत्र है। 1957 में एलवी प्रसाद ने राज कपूर, मीना कुमारी और राज मेहरा को लेकर फिल्म %शारदा% बनाई थी। राज कपूर और मीना कुमारी का प्रेम हैं। उनके पिता विधुर हैं जिनकी एक अपाहिज बेटी भी है। राज कपूर की प्लेन क्रैश में मरने की खबर आती है। पिता घर से अपने बेटे की सारी तस्वीरें हटा लेते हैं। इस बीच मीना कुमारी उनकी अपाहिज बेटी की नर्सिंग के लिए आती है और पसीजकर राज मेहरा से शादी कर लेती है। उधर, हादसे से बचकर राज कपूर वापस लौटा, तो पता चला कि उनकी प्रियतमा अब उनकी मां बन गई। वो यह रिश्ता स्वीकार नहीं करते और शराब पीकर मरणासन्न हो जाते हैं। तब मीनाकुमारी उनकी सेवा कर जान बचाती है। क्लाइमेक्स में राजकपूर उन्हें मां कहकर पुकारते हैं।

इसके बाद 1977 में आई रमेश तलवार की फिल्म %दूसरा आदमी% में भी बेमेल जोड़ी का कथानक बुना गया। यह एक युवा जोड़े और बड़ी उम्र की महिला की विवाहेतर कहानी थी। लीड रोल में ऋषि कपूर और नीतू सिंह साथ अधेड़ महिला की भूमिका राखी ने निभाई थी।

# मालनपुर पुलिस ने चलाया नशा मुक्त अभियान, की नशा नाश की निशानी है





**दैनिक पुष्पांजली टूडे**
**संवाददाता मालनपुर**
**पहलवान सिंह राजावत**

**मालनपुर**/पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के निर्देशन में व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सौरव कुमार के मार्गदर्शन में मालनपुर थाने के नवागत थाना प्रभारी निरीक्षक डॉ संतोष यादव ने नशा मुक्त अभियान चलाया जिसके तहत उन्होंने पुलिस बल के के साथ बाजार में पैदल घूम कर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया उन्होंने लोगों को भविष्य में नशा न करने की शपथ दिलाई और पंपलेट बांटकर लोगों को नशे के प्रति जागरूक किया उन्होंने लोगों को समझाते हुए बताया कि नशा नाश की जड़ है जो लोग नशा करते हैं उनके घर में पारिवारिक क्लेश और घरेलू हिंसा



होती हैं और घर में सुख शांति नहीं रहती उनके बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाते हैं और परिवार उजड़ जाता है उन्होंने कहा कि नशा करके कभी भी वाहन ना चलाएं क्योंकि नशे से वाहन दुर्घटनाओं में प्रतिदिन वृद्धि हो रही है नवागत थाना प्रभारी की बातों से प्रेरित होकर कई लोगों ने हाथ उठाकर नशा न करने की शपथ ली और कहा कि हम भविष्य में कभी भी नशा नहीं करेंगेद्य नशा न करने की शपथ लेने वाले लोगों को थाना प्रभारी ने मालाएं पहनाकर सम्मानित किया एवं नगर बाजार भ्रमण कर लोगों को आश्वासन दिलाया कि पुलिस आपके साथ 24 आपके लिए खड़ी है अगर कोई असामाजिक तत्व प्रगति के लोग देखें तो तुरंत थाने में सूचना दें दुकानदारों से कहा कि अपने दुकान के सामने सी सी टी वी कैमरे लगवाए इससे असामाजिक तत्व के लोगों को पकड़ने में मदद मिले। और बताया कि देर गुंडे बदमाश वक्सा नहीं जाएगा इस अवसर पर बलवंत सिंह यादव उपनिरीक्षक, जनार्दन सिंह तोमर सहायक उपनिरीक्षक, नारायण सिंह धारिया इत्यादि पुलिसकर्मी मौजूद रहे

### कांग्रेस की सरकार बनते ही मिलेगी महंगाई से राहत : मानसिंह कुशवाह

# कांग्रेस ने नारी सम्मान योजना के रेमजा,ररुआ,निवसाई, में फार्म भरे एवं ग्रामीण क्षेत्र में लगाई चौपाल

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एव पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के निर्देशन में चलाए जा रहे नारी सम्मान योजना के तहत भिंड कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने मेहगाँव विधानसभा क्षेत्र के रेमजा,ररूआ, निवसाई,रौन,गोरमी में नारी सम्मान योजना की चौपाल लगा कर फार्म भरने का काम किया।साथ ही कमलनाथ के नेतृत्व में 2023 में कांग्रेस की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। इस मौके पर वरिष्ठ नेता रणजीत सिंह गुर्जर,ब्रजेन्द्र सिंह कल्लू भारौली,अमित दातरे,प्रमोद चौधरी,चंद्रभान सिंह राजावत,रवि कुशवाह, होतम कुशवाह,सेक्टर अध्यक्ष नबाब दोहरे,इत्यादि लोग उपस्थित रहे तथा चौपाल को





सम्बोधित करते हुए कांग्रेस जिला अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कहा कांग्रेस की सरकार बनते ही हर नारी को 1500 रू प्रति महीना मिलेंगे,जो की बिना किसी शर्त के दिए जाएंगे केवल 18 साल उम्र पूर्ण हो,जबकि भारतीय जनता पार्टी ने हमारी माता बहनों को घंटो बैंको की लाइन में खड़े कर के परेशान करने के बाद उन्हे अयोग्य घोषित कर दिया जिले से हजारों की संख्या में महिलाओं को अयोग्य घोषित किया गया। 1000 रू महिलाओं के लिए केवल चुनावी जुमला साबित हुआ,पर कांग्रेस पार्टी हर नारी को सम्मान निधि के रूप में 1500 रू देने का काम बिना किसी शर्त करेगी। तथा 500 रु में गैस सिलेंडर हर व्यक्ति को मिलेगा। इसके साथ ही 100 यूनिट बिजली माफ 200 यूनिट बिजली हाफ करने का काम भी कांग्रेस पार्टी करेगी,साथ ही किसानों का पुनः ऋण माफ होगा,अधिकारी/कर्मचारियों की पुन पेंशन बहाल की जाएंगी। इसी क्रम में बारी बारी से सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे।



## शा.प्रा. विद्यालय अमर सिंह का पुरा में कई सालों से नहीं है पेयजल व्यवस्था

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय अमर सिंह का पुरा भिण्ड के प्रधानाचार्य ने पूर्व में जिला परियोजना अधिकारी को लिखित पत्र दिया एवं भिंड कलेक्टर को भी सूचना दी।कलेक्टर और परियोजना अधिकारी को जानकारी देने के बाद भी इस विद्यालय में ना तो कोई पानी की व्यवस्था की गई और जो खराब हैण्ड पंप विद्यालय का कई वर्षों से पड़ा हुआ है,उसको भी अभी तक शिक्षा विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की। स्टाफ एवं बच्चों को पीने के पानी के लिए परेशान होना प? रहा है।स्कूल के प्रधानाचार्य,पालकों एवं छात्र छात्राओं ने स्कूल प्रांगण में पानी की शीघ्र व्यवस्था करने की मांग की है।

# आई एम ए जोधपुर आई .आई. टी एकेडमी व मेडिकल एकेडमी जोधपुर ने एक बार फिर रचा इतिहास

**पुष्पाजंली टुडे**

**जोधपुर** ।सम्पूर्ण पच्छिमी राजस्थान सर्वाधिक 100 से अधिक सलेक्शन देने के साथ साथ 720 मे से 700 अंक लाकर अपने आप मे बहुत ब?ी उपलब्धि हासिल की है। संस्थान के निदेशक श्री ऐ. आर. सीरवी ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बहुत बहुत बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी तथा बताया कि वर्ष 2023 के नीट रिजल्ट में ओमप्रकाश सीरवी ने 720 में से 685 अंक व अन्य कई सीरवी विद्यार्थियों उपलब्धि हासिल की है। साथ ही संस्थान के माधवसिंह सीरवी ने बताया कि आजकल लोगों ने प?ाई को अपना व्यवसाय बना लिया जिससे इस भौतिकतावादी व चकाचौंध माहौल में अभिभावकों के सामने अपने बच्चों के



लिए सही संस्थान का चयन करना बहुत मुश्किल हो गया । इसलिए आप किसी संस्थान में एडमिशन लेने से पहले उस संस्थान का रिजल्ट देखे, क्योंकि आप किसी को केवल पैसा ही नही दे रहे है, उन्हें आप अपने बच्चों का उज्ज्वल भविष्य बनाने की बागडोर भी सोप रहे है। साथ ही संस्थान में डॉक्टर व इंजिनीरिंग की तैयारी करने आने वाले विद्यार्थियों के लिए सभी शैक्षणिक सुविधाओं की उपलब्धता है। दूर दराज से आने वाले विद्यार्थियों के लिए संस्थान में ही गर्ल्स व बॉयस हॉस्टल की सुविधा है। माधवसिंह सीरवी ने बताया कि संस्थान के निदेशक श्री ऐ. आर. सीरवी ने पिछले 23 वर्षो से सामाजिक बंधुओ के अनुरोध पर विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान करते आये है तथा इस वर्ष 2023-24 में सीरवी समाज के बच्चों को 51 लाख की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी , जिसमे से अभी तक 31 लाख 50 हजार की छात्रवृत्ति मिल चुकी है।

# अमायन पुलिस ने दो शातिर मोबाईल चोरो को किया गिरफ्तार

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** जिलेभर में सम्पत्ति संबंधी अपराधों के निराकरण एवं संलिप्त अपराधियों की धरपकड हेतु की जा रही कार्यवाही के दौरान मनीष खत्री पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे, एसडीओपी मेहगाँव आर के एस राठौर के मार्गदर्शन में दिनांक 15/06/23 को 02 शातिर चोरो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है।दिनांक 06/11/2022 को फरियादी विपेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र मूलचंद राजपूत उम्र 33 साल नि. ग्राम टकपुरा थाना अमायन द्वारा उसकी खण्डा रोड अमायन स्थित मोबाईल फोन की दुकान से अज्ञात चोरो द्वारा ताला तोडकर मोबाईल फोन चुरा ले जाने की रिपोर्ट लेख कराई थी। उक्त पर से अज्ञात आरोपीगणों की तलाश जारी थी। दौराने विवेचना मुखविर द्वारा सूचना मिली कि घटना दिनांक की शाम को ग्राम ग्यारा थाना डीपार का एक शातिर चोर अपने साले जो कि ग्राम कछपुरा थाना अमायन क्षेत्र का रहने वाला है खण्डा रोड पर घुमते हुये नजर आये थे। जिसपर से उनकी तलाश की जा रही थी। दिनांक 15/06/23 को सूचना मिली कि उक्त दोनो संदेही लहार तिराहा अमायन पर एक मोटरसाइकिल मिस्त्री की दुकान पर खड़े है। सूचना पर से उक्त संदेहियों को घेराबंदी कर उनसे हिकमतअमली से पूछताछ की गई। जिनके द्वारा घटना दिनांक को फरियादी की मोबाईल की दुकान से मोबाईल चोरी करना बताया एवं





आरोपीगणों से घटना में चुराये गये मोबाईल जप्त किये गए है, आरोपीगणों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा रहा है ।

जप्त संपत्ति का विवरण = मोबाईल वीवो वाई 16 कंपनी कीमती 12000 /- रू.,मोबाईल रीएल मी सी11 कंपनी कीमती 10000 /- रू.,02 मोबाईल रीएल मी सी 33 कंपनी कीमती 20000 /- रू., मोबाईल रीएल मी सी 25 वाई कंपनी कीमती 11000/-रू.,मोबाईल वीवो वाई 15 कंपनी कीमती 10000 /- रू.,मोबाईल वीवो वाई 21 कंपनी कीमती 12000 /- रू. ,मोबाईल ऑपो के 10 कंपनी कीमती 20000 /- रू.

कुल मोबाईल 08 एण्ड्रोइड फोन कीमती 95 हजार रूपये ।

पूर्व आपराधिक पृष्ठिभूमि आरोपीगणो पर थाना भाण्डेर थाना थरेट थाना डीपार जिला दतिया पर प्रथक प्रथक नकवजनी के कुल तीन अपराध पंजीबद्ध है ।

उक्त कार्यवाही में अमायन थाना प्रभारी उपनिरीक्षक सुनील सिकरवार एवं सहायक उपनिरीक्षक रहमान खान,सहायक उपनिरीक्षक कमलसिंह परमार,प्रधान आरक्षक योगेष कुमार, कमल सिंह परिहार कोमल राठोर, मनोज कुमार,राजकुमार लोधी, जगन सिंह भदौरिया, अजीत सिंह,आरक्षक जितेन्द्र सिंह, जीतू यादव, राघवेन्द्र सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

# महाकाल लोक घोटाला एवं सतपुढ़ा भवन में लगी आग भाजपा के भृष्टाचार को उजागर करता है: डॉ गोविंद सिंह

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**



भिण्ड । विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह ने भिण्ड में पत्रकार वार्ता में कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान संवैधानिक संस्थाओं को स्वतंत्र रूप से काम नहीं करने दे रहे हैं , एक वर्ष पहले ही हमारे विधायक महेश परमार ने महाकाल लोक में हो रहे घोटाले की शिकायत की थी, लोकायुक्त एन के गुप्ता इतने लंबे अरसे तक इस भ्रष्टाचार को दबाए क्यों बैठे रहे। जो लोकायुक्त न्याय नहीं करें,भ्रष्टाचार को दबाने का काम करें, अब वही महाकाल लोक में भ्रष्टाचार की जांच कर रहे हैं। वे क्या जांच करेंगे,क्या उम्मीद रखें ऐसे व्यक्ति से ? जब भ्रष्टाचार हो गया, मूर्तियां गिर गईं,सनातन धर्म के करोड़ों लोगों की श्रद्धा को ठेस पहुंची,तब जाकर जांच करेंगे । इससे ज्यादा शर्मनाक स्थिति मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के लिए क्या होगी। डॉ सिंह ने मुख्यमंत्री से कहा कि मध्यप्रदेश का महाकाल लोक घोटाले की जांच केवल उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के आयोग द्वारा ही कराई जाए, तभी दूध का दूध और पानी का पानी हो सकता है। लोकायुक्त से मध्यप्रदेश की जनता का विश्वास उठ चुका है, उनसे हम कोई उम्मीद नहीं कर सकते। डॉ सिंह ने कहा कि सतपुड़ा भवन में षडयंत्र करके आग लगाई गई है, पूर्व में भी भाजपा सरकार ने षडयंत्र पूर्वक आग लगवाई है, ताकि भृष्टाचार से जुड़ी फाइलों को जलाकर सबूत मिटाए जा सके।डॉ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते थे कि ना मैं खाऊंगा और ना ही किसी को खाने दूँगा, लेकिन वास्तविकता में मोदी सरकार में भृष्टाचार सबसे ज्यादा हुआ। देश-प्रदेश की जनता पूरी सच्चाई को जान चुकी है,आने वाले चुनाव में भाजपा को हराकर सबक सिखाएगी।प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से गोहद विधायक मेवाराम जाटव,प्रदेश उपाध्यक्ष खिजर कुरैशी, जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष मानसिंह कुशवाह, रणवीर सिंह भदौरिया,शहर अध्यक्ष डॉ राधेश्याम शर्मा,धर्मेंद्र सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

# खरगोन पुलिस द्वारा अवैध हथियार के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही थाना भगवानपुरा01 आरोपी गिरफ्तार

**खरगोन जिले से मुन्ना खान**

पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार

आरोपी के कब्जे कुल 11 अवैध हथियार (जिसमे 5 नग देशी पिस्टल ,6 नग देसी कट्टे 12बोर) व एक मोटरसायकल कुल कीमत लगभग 2,60,000/- रुपये जप्त

अवैध हथियार विक्रेता की तस्करी करने वालों के विरुध्द लगातार कार्यवाही की जा रही है । खरगोन पुलिस द्वारा अवैध हथियार विक्रेताओ पर लगातार निगाह रखते हेतु वरिष्ट अधिकारियों द्वारा इसकी रोकथाम विशेष अभियान चलाने के संबंध मे निर्देशित किया गया है । उक्त अभियान के चलते अवैध हथियार, अवैध शराब एवं अवैध गतिविधियों आदि पर जिला खरगोन मे पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही कर अंकुश लगाया जा रहा है ।इसी तारतम्य में अवैध हथियार के परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक खरगोन श्री धर्मवीरसिंह यादव के निर्देशन में जिले मे प्रभावी कार्यवाही करने हेतु समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । उक्त निर्देशों के पालन मे थाना भगवानपुरा के व्दारा अवैध हथियार सप्लायर्स के विरुद्ध कार्यवाही ।

**घटना का संक्षिप्त विवरण** -दिनांक 16/06/23 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई



कि एक सिकलीगर काली टीशर्ट में लाल मोटर सायकल लेकर जिसकी पेट्रोल टंकी पर एक प्लास्टिक की थैली रखी है भगवानपुरा पटेल फल्या से होकर निकला है । सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए अनुविभागीय अधीकारी श्री संजु चौहान एवं थाना प्रभारी भगवानपुरा उनि. रमेश भास्कर के निर्देशन मे पुलिस टीम मुखबिर के बताए स्थान पर पहुची । पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए सूचना पर अपनी उपस्थिति छुपाकर देखा तो एक व्यक्ति बताये हुलिये का आता दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिन्हे पुलिस टीम व्दारा घेराबंदी कर उसको पकडा । पकड़ मे आए व्यक्ति से उसका नाम पूछने पर उसने अपना नाम प्रहलाद पिता अनोखसिंग सिकलीगर उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम सिगनुर बताया । प्रहलादसिंग की तलाशी लेने पर उसके पास से 11 नग अवैध हथियार जिसमें ( 5 नग देशी पिस्टल ,6 नग देसी कट्टे 12बोर के) मिले । उक्त आरोपी को थाने लाकर पुछताछ करने पर उसने अवैध पिस्टल ग्राम सिगनुर मे स्वयं व्दारा बनाकर बैचने हेतु लेकर आना बताया गया आरोपी के विरुध्द पूर्व मे दिगर राज्य राजस्थान के थाने पर अवैध हथियारो कि खरिद फरोख्त के संबधीत आर्म्स एक्ट की धाराओ में अपराध पंजीबध्द है व फरारी वारंट जिसमें आरोपी विगत तीन वर्षो से फरार चल रहा है ,आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य मामलों मे विस्तरत पुछताछ की जा रही है।

**गिरफ्तारशुदा आरोपी**

1. प्रहलादसिंग पिता अनोखसिंग सिकलीगर उम्र 22वर्ष निवासी ग्राम सिगनुर

पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही

आरोपी के विरुध्द थाना भगवानपुरा पर अपराध क्रं. 172/23 धारा 25(ए) आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया ।

**आरोपी का आपराधिक रिकार्ड**

एसओजी जयपुर राजस्थान के आर्म्स एक्ट के अपराध में फरारी वारंटी।

**पुलिस टीम**

उक्त की गई कार्यवाही मे अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) अनुभाग भीकनगाँव श्री संजु चौहान एवं थाना प्रभारी भगवानपुरा रमेश भास्कर , सहा उनि नरसिंह मोरे , प्र आर भगवान बरडे , आर रोहित पटेल ,आर वीरेश , आर रितेश , आर राहुल पाली , महिला आर आकांक्षा , सैनिक राधेश्याम का विशेष योगदान रहा ।

# कांग्रेस में जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी मनोनीत

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के निर्देशानुसार व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह सिंह की सहमति से जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने जिला कांग्रेस कमेटी में जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी की नियुक्ति की घोषणा की है।नवनियुक्ति जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी पूर्व में भी पार्टी में मध्यप्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला



कांग्रेस कमेटी के जिला सचिव,विचार विभाग के जिलाध्यक्ष एवं कांग्रेस श्रमिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष पद पर रह चुके हैं।नवनियुक्ति जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी ने अपनी नियुक्ति पर सभी वरिष्ठ नेताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने विश्वास के साथ जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे मैं पूरी तरह से निभाउंगा।नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी को वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, पत्रकारबन्धु एवं समाजसेवियों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं है।

## मोहराई निवासी गौसेवक बाबू सिंह सेवड़ के सुपौत्र मनीष की सगाई दस्तूरी में समाज बंधुओं ने दिया आशीर्वाद

**पुष्पाजंली टुडे**



**बेंगलुरु।**फूलो की नगरी बेंगलुरू में तुलसी तोटा स्थित श्री खेतेश्वर भवन में मोहराई निवासी गौसेवक बाबू सिंह जी के सुपुत्र तथा ढगल सिंह सेवड़ के सुपुत्र मनीष की बारवा निवासी रमेश गुंदेशा की सुपुत्री अंजली के संग सगाई दस्तूरी का आयोजन शुक्रवार को किया गया द्य शुक्रवार प्रातः 9 बजे टीका दस्तूरी सभा रखी गई द्य दोपहर 12 बजे अंगूठी पहनाई तथा दोपहर 12ञ्30 बजे से प्रीतिभोज का रखा गया द्य इस अवसर पर महेन्द्रसिंह (पींटुसिंह) मोहराई, ओमसिंह राजपुरोहित, सुखदेव सिंह राजपुरोहित, गोविंद सिंह मोहराई सहित जोधपुर, हैदराबाद, वलसाड, बनूर, मैसूरु, केएमडोड्डी, बिलिकेरे, विराजपेट, बारवा,श्रवण बेलैगौला, ब्रेसहल्ली,मदुराइ,हुलहल्ली सहित बेंगलुरु से बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन कवि सुखदेव सिंह आउवा ने किया। ये जानकारी महेंद्र सिंह राजपुरोहित (कालप्पा ) बन्नूर द्वारा दी गई।

# पुण्य तिथि (17 जून) पर विशेषः 1857 के स्वतंत्रता संग्राम की महानायिका रानी लक्ष्मीबाई और सीहोर कनेक्शन

## एक परिवार ऐसा भी जिनके पुरखों ने दिया था रानी का साथ



**रघुवर दयाल गोहिया**

स्वतंत्रता संग्राम की महानायिका झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम किसी भी परिचय का मोहताज नहीं है। उनके नेतृत्व में ही देश की प्रथम सशस्त्र क्रांति हुई थी।उनका जन्म वाराणसी जिले के भदैनी नामक नगर में 19 नवम्बर 1828 को हुआ था। उनका बचपन का नाम मणिकर्णिका था परन्तु प्यार से उन्हें मनु कहा जाता था। उनकी माँ का नाम भागीरथी बाई तथा पिता का नाम मोरोपंत तांबे था। वह एक मराठी थे और मराठा पेशवा बाजीराव की सेवा में थे। मनु 3-4 वर्ष की ही थी कि उनकी माता का देहांत हो गया। बच्ची की देखभाल के लिए मोरोपंत मनु को अपने साथ लेकर पेशवा बाजीराव के पास बिठूर आ गए। मनु की सुंदरता को देखकर वह उसे छबीली कहा करते थे। बाजीराव के दो पुत्र थे नाना साहब और राव साहब। मनु इन दोनो के साथ खूब खेलती थी और शस्त्र कला में पारंगत हो गई।जब मनु बड़ी हो गई तब झांसी के राजा गंगाधर राव के साथ उनका विवाह कर दिया गया। अब रानी लक्ष्मीबाई कहलाने लगी। कुछ समय बाद लक्ष्मीबाई ने एक पुत्र को जन्म दिया। परंतु यह खुशी अधिक दिन तक न रही। बालक तीन महीने का भी न हुआ था कि चल बसा। महाराज गंगाधर राव इस सदमे को सह ना सके और बीमार पड़ गए। बाद में रानी की सहमति से महाराज ने अपने वंश के एक बालक को गोद ले लिया। बालक का नाम दामोदर राव रखा गया। कुछ दिन बाद महाराज गंगाधर राव का भी देहांत हो गया। महाराज के मरते ही अंग्रेजों ने झांसी को अपने राज्य में मिला लिया। गया। इसके बाद झांसी की छावनी के सिपाहियो ने अपने कुछ अंग्रेज अफसरों को मार डाला। विद्रोह पूरे शहर में फैल गया। रानी ने झांसी का शासन सभांल लिया। लगभग झांसी पर दस महीने तक रानी ने शासन किया। उसका बदला लेने तथा झांसी पर फिर अधिकार करने के उद्देश्य से अंग्रेजों ने अपने अनुभवी सेनापति ह्यूरोज को झांसी पर आक्रमण करने के लिए भेज दिया। ह्यूरोज ने विशाल सेना लेकर झांसी पर आक्रमण कर दिया।रानी पूरे बारह दिन तक साहस के साथ उन। सामना करती रही। अंत में अंग्रेज सेना झांसी में घुस गई। उसने लूटपाट और मारकाट मचा दी।अब झांसी की रानी ने किला छोडने का निश्चय कर लिया। उन्होने बालक दामोदर राव को पीठ पर बांधा और अपने कुछ सहासी सैनिको के साथ अंग्रेज फौज को चीरती हुई किले से बाहर निकल गई। झांसी से निकलकर रानी कालपी पहुंच गई। रानी का पीछा करते हुए ह्यूरोज भी कालपी जा पहुंचा। घमासान युद्ध हुआ परंतु रानी यहां से भी बच निकली।

### अंग्रेजों के साथ भीषण युद्ध

लक्ष्मीबाई अंग्रेजों की सेना को चीरती हुई आगे बड़ीं। कुछ अंग्रेज सिपाहियो ने उन्हे आ घेरा। घमासान लड़ाई हुई। एक नाले पर जाकर रानी का घोड़ा अड़ गया। इतने में एक अंग्रेज सैनिक ने रानी के सिर पर वार किया। इससे रानी के सिर और एक आंख पर गहरी चोट आई। घायल रानी ने कहा कि ÷देखना शत्रु मेरे शरीर को हाथ न लगा पाएं÷।रानी के सेवक उन्हे पास ही स्थित एक साधु गंगादास की कुटी में ले गए। वहां उन्होने अंतिम सांस ली। अंग्रेज सैनिकों के वहां पहुंचने से पहले साधु ने अपनी कुटी का घास फूस और लकड़ियां डालकर उनकी चिता में आग लगा दी। इस प्रकार देश की स्वतंत्रता के लिए झांसी की रानी ने 17 जून 1858 को ग्वालियर मध्यप्रदेश में अपने प्राणों की बलि दे दी।






अदम्य साहसी और देशभक्त वीरांगना झांसी की रानी का अंतिम युद्धअंतिम लड़ाई में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई को सबसे पहले पसली में एक अंग्रेज सैनिक का बरछा लगा था। इसके बाद एक गोली भी लगी थी। एक अंग्रेज सैनिक ने उनके सिर पर तलवार से वार किया जिससे उनका चेहरा खून से सन गया था। वह अपने घोड़े से नीचे गिर गई थीं। उन्हें तुरंत एक वफादार सैनिक ने उठाया और पास ही के एक मंदिर में ले गया। पुजारी ने रानी के मुंह में गंगाजल दिया। वह कुछ बोलना चाह रही थीं। उनके मुंह से दामोदर को यहां से ले जाओ शब्द निकले। उनके गले में एक मोतियों का हार था जो दामोदर को देने के लिए कह रहीं थीं। उनके अंतिम शब्द थे कि मेरे शरीर को अंग्रेजों के नापाक हाथ नहीं लगने दिये जाएं। तुरंत ही पुजारी और अन्य लोगों ने मंदिर परिसर में ही झांसी की रानी की चिता सजाई और अंतिम संस्कार कर दिया।

तभी अंग्रेज सैनिक भी वहां आ गए। मंदिर परिसर से तीन रायफल से गोलियां चलाई जा रही थीं। जो कुछ ही समय में शांत हो गईं। रॉड्रिक्स ब्रिक्स आदि ने बूटों से आग बुझाने की नाकाम कोशिश की। कैप्टन क्लेमंड वॉकर होस ने वहां पड़े कई दर्जन शवों और चिता देखकर कहा कि हमारा विरोधी खत्म हो चुका है।



### यह है सीहोर कनेक्शन

-यह गौरव गाथा तो लक्ष्मीबाई की है। अब एक कहानी उस परिवार की भी सुन लीजिये जिनके पुरखे भी 1857 की क्रांति में लक्ष्मीबाई के साथ लड़े थे। नवाब बांदा के वंशज पूर्व प्रबंधक तिलहन संघ आफाक अली बहादुर ने बताया है कि कालपी बांदा रियासत का हिस्सा था। वहां के तत्कालीन नवाब अली बहादुर भी अपनी 5 हजार सेना के साथ झांसी की रानी के साथ मिले थे और अंग्रेजों से जंग की थी। 17 जून1857 को ग्वालियर के पास ब्रिगेडियर स्मिथ से युद्ध हुआ था। जिसमें झांसी की रानी वीरगति को प्राप्त हुई थीं। वहां बाबा गंगादास की कुटिया में रानी का अंतिम संस्कार नवाब अली बहादुर की देखरेख में किया गया था। इसकी वजह यह थी कि रानी ने अली बहादुर को राखी बांधी थी। इस कारण अपनी बहन के सम्मान के लिए भी उन्होंने नवाबी का मोह त्याग कर अंग्रेजों के खिलाफ जंग की थी। झांसी की रानी के उत्सर्ग के बाद नवाब अली बहादुर और तात्या टोपे आदि क्रांतिकारी अनेक रियासतों में गए लेकिन अंग्रेजों के भय से किसी ने भी उनकी मदद नहीं की। अंत में नवाब अली बहादुर ने राजगढ़ के किले में अंग्रेजों के सामने आत्म समर्पण कर दिया। वहीं आफाक अली बहादुर के वालिद मरहूम नवाब सैफ अली बहादुर बताया करते थे कि स्टेट जाने के बाद नवाब अली बहादुर अपने परिवार और सैनिकों के साथ सागर, नरसिंहपुर, लखनादौन, छिंदवाड़ा होते हुए बैतूल के पास जंगल में अपना पड़ाव डाले हुए थे। इस दौरान उन्होंने भोपाल रियासत और इंदौर स्टेट से मदद मांगी थी। इसकी भनक लगते ही अंग्रेजों ने घेर लिया और सरेंडर करा लिया। महू में कोर्ट मार्शल किया गया। तभी इंदौर के महाराजा होल्कर ने दखल देकर इंदौर में बसाया था। नवाब अली बहादुर को महाराजा बनारस अपने साथ बनारस ले गए। जहां उनका हार्टअटैक से इंतकाल हो गया। बांदा परिवार के वंशज 1948 में सीहोर आये थे जो आज भी गोहापुरा कस्बा स्थित बांदा कंपाउंड में निवासरत हैं।

---

**शिवपुरी पुलिस की अवैध शराव के विरुद्ध कार्यवाही जारी**

## करैरा पुलिस द्वारा दो ब्यक्तियों को 70 लीटर कच्ची शराव , एक एच. एफ. डीलक्स मो.सा. कुल मशरूका 50,000 रूपये के सहित किया गिरफ्तार।



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश कुमार सिह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन ,अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया के निर्देशन में एवं स्र्ष्ठह्रक्क करैरा श्री संजय चतुर्वेदी के कुशल मार्गदर्शन मे दिनांक 15.06.2023 की इलाका भ्रमण के दौरान थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली दो ब्यक्ति दो प्लास्टिक की कैन मो.सा. पर टांगकर जिसमें कच्ची शराब भरी हुयी है टोडा पिछोर से करैरा तरफ की और ले जाने हेतु खडे हुए है । मुखबिर की सूचना की तस्दीक हेतु हमराही फोर्स की मदद से ग्राम टोडा पिछोर पहुंचा दो ब्यक्ति एक मो.सा. पर सफेद रंग के दौ कैन टांगे हुए खडे मिले जो पुलिस को देख भांगने का प्रयाश करने लगे जिन्हे हमराही फोर्स की मदद से पकडा उनका नाम व पता पूछा तो गाडी चलाने बाले ने अपना नाम साविर खांन पुत्र सलीम खांन उम्र 22 बर्ष नि, टोडा पिछोर तथा पीछे बैठे हुए ब्यक्ति ने अपना नाम सलीम पुत्र ललुआ खांन उम्र 58 बर्ष नि. टोडा पिछोर का होना बताया । आरोपी के कब्जे से दो प्लास्टिक की कैन जिसमें करीब 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब मय एच.एफ. डीलक्स मो.सा. के कुल कीमती करीवन 50,000 रुपये को विधिवत जप्त किया । आरोपियों के विरूध्द धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अप0 क्र0 375/23 पंजीबद्ध किया गया ।

**बरामद माल** 01. 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब एक एच एफ डीलक्स मो.सा. स्रूक्क33स्न्त0724 कुल कीमती 50,000 हजार रुपये,

**इनकी रही भूमिका** थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि केपी शर्मा आर 696 सोनू पान्डे ,आर 165 गोविन्द रावत ,आर 704 सुनील कुमार,आर 1073 अनूप कुमार ।

---

## जागरूकता अभियान अभिमन्यु के तहत पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन में वीर सावरकर पार्क में लोगों को किया जागरूक

**अनिल कुशवाह**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-पुलिस मुख्यालय भोपाल के आदेशानुसार विशेष जागरूकता अभियान ÷अभिमन्यु÷ प्रदेश भर मे चलाया जा रहा है । शिवपुरी पुलिस द्वारा आज दिनांक को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं डीएसपी महिला सेल श्री प्रशांत शर्मा जी के मार्गदर्शन एवं महिला थाना प्रभारी उनि. कोमल परिहार के नेतृत्व में शिवपुरी पुलिस द्वारा विशेष जागरूकता अभियान ÷अभिमन्यु अभियान÷ 12 जून से 19 जून तक चलाया जा रहा है । महिला थाना प्रभारी द्वारा शिवपुरी के वीर सावरकर पार्क मे जाकर आमजन से संपर्क कर उन्हें जाकरुक बनाने हेतु उन्हे समझाइस दी व प्रत्येक पुरुष अभिमन्यु की तरह समाज में हो रही बुराईयों जैसे लिंगभेद, अशिक्षा, भ्रूण हत्या, असंवेदनशीलता, अश्लीलता, रूढ़िवादिता, दहेजप्रथा, नशा आदि के चक्रव्यूह को तोड़े । पुरुषों को अपने आसपास महिलाओं पर अपराध घटित होने पर चुप नहीं रहना चाहिये एवं महिलाओं पर होने बाले अपराधों के खिलाफ खुलकर सामने आना चाहिये और आवाज उठाना चाहिये, जिससे समाज में महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जा सके । समाज में लड़कों एवं पुरुषों को न केवल महिला संबंधी अपराधों के प्रति जागरूक होना चाहिये बल्की महिलाओं व बालिकाओं के प्रति सम्मान, सकारात्मक सोच, सौम्य व्यवहार का होना चाहिये ।



---

**शिवपुरी पुलिस की अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध कार्यवाही जारी**

## थाना करैरा पुलिस द्वारा पकडी मादक पदार्थ स्मैक 4 ग्राम कीमती 40,000 रुपये सहित

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश कुमार सिंह के द्वारा जिले मे अवैध मादक पदार्थ, जुआ सट्टा, अवैध हथियार, अवैध खनन परिवहन,अवैध शराव की धरपकड अभियान के तहत जीरो टालरेन्स अपनाने के निर्देश दिये गये उक्त निर्देश के पालन मे अति0 पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण भूरिया जी के निर्देशन में एवं स्र्ष्ठह्रक्क करैरा श्री संजय चतुर्वेदी जी के कुशल मार्गदर्शन में कल दिनांक 15.06.2023 के दिन के समय थाना करैरा पुलिस को मुखविर द्वारा सूचना मिली कि नरेन्द्र सिंह गुर्जर अपने हार पर बने खेत पर स्मैंक की बिक्री कर रहा है । उक्त सूचना की तस्दीक हेतु फोर्स द्वारा मौके ग्राम जेरबा मे नरेन्द्रसिंह गुर्जर के हार पर जाकर दबिस दी गयी तो घेराबन्दी कर पकडकर उनके नाम व पता पूछने पर उसने अपना नाम नरेन्द्र सिंह गुर्जर पुत्र हरिकिशन गुर्जर उम्र 24 बर्ष नि. जेरवा थाना करैरा का होना बताया , तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 4 ग्राम स्मैक पाउडर कीमती 40,000 रुपये बरामद किया गया । आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 371/23 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध किया गया । आरोपी से बरामद शुदा मादक पदार्थ स्मैक के सप्लायरों के संबंध में पूछताछ की जा रही है ।

**बरामद माल**- 01.04 ग्राम स्मैक पाउडर कीमती 40,000 रुपये

**इनकी रही भूमिका** -थाना प्रभारी करैरा निरी0 श्री सुरेश शर्मा, उनि केपी शर्मा ,उनि बीआर पुरोहित , प्र.आर 669 अभयराज सिह ,1073 अनूप कुमार ,आर 732 संजीव श्रीवास्तव ,आर 319 चन्द्रशेखर

# कला जत्था के माध्यम से शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार सेवन पुजारी कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद।** आज अमलीपदर में कला जत्था के माध्यम से जनप्रचार हुआ जिसमें जनमानस उपस्थित हुए वहीं अमलीपदर सरपंच श्री सेवन पुजारी (कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष) ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के सभी योजनाओं के बारे में प्रचार प्रसार किया जाता है छत्तीसगढ़ राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी कला जत्था के माध्यम से जिले में दिया जा रहा हैं। कला जत्था द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों में किए जा रहे कार्यक्रम का बेहतर प्रतिसाद मिल रहा है। कलेक्टर के मार्गदर्शन में जनसंपर्क विभाग के द्वारा जिले के सभी विकासखंडों के चिन्हांकित किए गांवों और साप्ताहिक हाट-बाजार में कला जत्था की टीम द्वारा शासकीय योजनाओं पर आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किया जा रहा है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी



योजनाओं के प्रचार सामाग्री का वितरण भी किया जा रहा है।जिले में लोक नाट्य दल के कलाकार द्वारा विभिन्न गांवों में प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। इसी क्रम में जिले अमलीपदर अंतर्गत विभिन्न गांवों में कला जत्था द्वारा मनोरंजक ढंग से कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिसका ग्रामीणों ने लुफ्त उठाया। सरल, सहज और सरस तरीके से छत्तीसगढ़ी एवं स्थानीय बोली के माध्यम से इन प्रस्तुतियों के द्वारा राज्य शासन की फ्लैगशिप योजनाओं गोधन न्याय योजना, राजीव गांधी किसान न्याय योजना, राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना, किसानों की कर्ज माफी, धान खरीदी, ब्याजमुक्त कृषि ऋष्ट योजना, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, दाई-दीदी क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ स्कूल, धनवंतरी मेडिकल जेनेरिक स्टोर्स तथा नरवा, गरवा, घुरवा, बारी जैसी अनेक अयोनाओं की जानकारी कला-जत्था दल द्वारा लोगों को दी जा रही है।

# क्षेत्र के जनमानस से मिले सेवन पुजारी बताया लाभकारी शासन के योजनाओं को

## छत्तीसगढ़ राज्य में हमारी सरकार के आते ही हुआ प्रदेश में विकास सेवन पुजारी

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**अमलीपदर।**आज बिंद्रा नवागढ़ क्षेत्र में जनमानस से रूबरू हुए सेवन पुजारी (कांग्रेस कमेटी जिला उपाध्यक्ष) आज क्षेत्रों के दौरा में सेवन पुजारी सघन दौरा कर रहे हैं और जिसमें ग्राम के अंतिम छोर तक के पुजारी जी जाकर के छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के उपलब्धियों के बारे में योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दे रहे हैं तथा उनको उस योजनाओं के लाभ कैसे उठाएं उसके बारे में उन्हें बताया आज प्रेस वार्ता में श्री सेवन पुजारी जी ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ में हमारी कांग्रेस की सरकार बनी है तबसे छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारी विकास देखने को मिला है आज हमारे छत्तीसगढ़ में छत्तीसगढ़िया योजना प्रारंभ हो गई है जिससे ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक के यह लाभ मिल रहा है और विभिन्न



प्रकार के योजनाओं से आज छत्तीसगढ़ के प्रदेश वासी इस योजनाओं से प्रसन्न रहें और हमारी सरकार द्वारा इस प्रकार से जनहित कार्य किया जा रहा है तथा साथ ही पुजारी जी ने जनमानस से मिलकर के उनका हालचाल जाना और उनसे वार्तालाप किया गया ।

# सरपंच ने किया सचिव पर शिकायत

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

मामला गरियाबंद जिले के आदिवासी बहुल विकासखंड



मैनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत दाबरीगुड़ा का है जहां पर सरपंच श्री पुनीत राम मरकाम ने दाबरीगुड़ा पंचायत पर पदस्थ सचिव श्री खामसिंग सुरेश पर शिकायत कलेक्टर जन चौपाल में किया है शिकायत में सचिव के खिलाफ सरपंच ने निम्न 5 बिंदु पर शिकायत किया है इस शिकायत में पहला बिंदु पर लिखा गया है की सचिव खमसिंह सुरेश महीने में एक बार ग्राम पंचायत कार्यालय खोलता है दूसरी बिंदु है कर (मकान कर) वशुली कर पंचायत कोष में जमा न कर स्वयं के द्वारा व्यय करने तथा तीसरी बिंदु सबसे बड़ी शिकायत है कि सचिव खामसिंग सुरेश के द्वारा प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत मिले आवास के हितग्राहियों से पैसा वसूली करने की शिकायत है एवं चौथी बिंदु है पंचों के मानदेय को भुगतान नहीं करने और पांचवां बिंदु है राशन कार्ड में वसूली नए राशन कार्ड बनाने के एवज में पैसा वशुली करने की शिकायत हुई है अब देखना होगा कि जन चौपाल में किए गए शिकायत पर कितने दिनों में कलेक्टर महोदय सचिव खामसिंग पर किस प्रकार की जांच व कार्यवाही करते हैं

# उदंती सीता नदी अभ्यारण्य अंतर्गत 4 शिकारी पकडे गए , तेंदुए की खाल, हिरण के सिंग, सुखा मांस, पंजे की हड्डी, मयूर पैर जब्त

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गरियाबंद ।** उदंती सीता नदी अभ्यारण्य के एंटी पोचिंग टीम लगातार शिकारियों पर कार्रवाई कर रही है। उदंती सीता नदी अभ्यारण्य अंतर्गत 4 शिकारी पकड़े गए हैं, इन आरोपियो के पास से तेंदुए की खाल जब्त की गई है साथ ही हिरण के सिंग, सुखा मांस, पंजे की हड्डी, मयूर पैर समेत कई प्रतिबंधित सामान जब्त किए गए हैं। शिकारियों से 1 किलो गांजा भी बरामद किया गया है। इसी कड़ी में अभ्यारण्य की सीमा से लगे ओडिशा के एक गांव में बुधवार रात टीम ने छापेमारी की. बता दें कि अब तक टीम ने 22 शिकारी पकड़े जा चुके हैं।उदंती सीता नदी टाइगर रिजर्व अवैध शिकार का मामला थमने का नाम नहीं ले रहा है। उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन के नेतृत्व में इन दिनों



लगातार वन विभाग द्वारा ताबड़तोड़ कार्यवाही की जा रही है जहां एक ओर जंगलों में अवैध शिकारियों में खलबली मच गई है।मिली जानकारी के अनुसार उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व गरियाबंद छत्तीसगढ़ के एंटी पोचिंग टीम और ओडिशा वन विभाग के संयुक्त कार्रवाई में ग्राम कलमडोंगरी(मुड़ीबेड़ा) ओडिशा में सूचना के आधार पर कुरसो भतरा पिता जगन्नाथ भतरा, मोहन सिंह रावत, डमार मांझी के घर से तेंदुआ खाल और भारी मात्रा में वन्य जीव के अवशेष मिला तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर पूछताछ के लिए परीक्षेत्र कार्यालय इंदागांव (धुर्वागुड़ी) बफर लाया गया।तीनों अपराधी उड़ीसा राज्य का होने के कारण निम्नानुसार सामग्री एवं अपराधियों को सशरीर एवं पूरा स्वस्थ ओडिसा वन विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। इस कार्यवाही में वन विभाग एसडीओ गोपाल सिंह कश्यप सहायक परीक्षेत्र अधिकारी चंद्रबली ध्रुव व उनके एंटी पोचिंग टीम के सदस्यों द्वारा सराहनीय कार्य किया गया

# मवेशी चोरी कर ओडिसा में बेचने के फिराक में थे चोर, पुलिस ने किया गिरफ्तार भेजा जेल

**गरियाबंद।** मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए त्वरित कार्यवाही कर माल मुल्जिम पता तलाश हेतु जिला गरियाबंद के उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के दिशा निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्देश सिंह ठाकुर के मार्ग दर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मैनपुर अनुज कुमार गुप्ता के परिवेक्षण में थाना इंदागाव तथा थाना अमलीपदर स्टाप का संयुक्त टीम गठन कर आरोपियों एवं माल मुलजिम का पता तलाश किया गया। प्रार्थी घोटराम दन्ता पिता बाजो दन्ता राम उम्र 60 साल साकिन मेटपारा इंदागाव थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया था की उनकी घर की पालतू मवेशी 04 नग भैसी एवं इसके बच्चे 03 प?वा, 01 पंडिया दो दात का एवं 05 नग पड़वा नागर जोतने वाला 05 नग पड़िया बगार जिसे दिनांक घटना समय को अपने घर से चारा चरने छोड़ दिये थे उपरोक्त मवेशी घर नही आने से गुम मवेशी कमांक 01/23 कायम कर पता साजी में लिया गया था।प्रार्थी परिजन के साथ गुम मवेशी की पतासाजी में लगे थे की दिनांक 15/06/23 को ग्राम परिया थाना ढाबूगाव जिला नवरंगपुर (उडिसा) में अपने 11 नम मवेशी को इकालते चोरी कर ले जाते आरोपी राजेश



यादव, रवि यादव एवं दुर्जन पुजारी को पकड़ा एवं पुलिस को सूचना दिये जाने पर पुलिस टीम मौका पहुचकर प्रार्थी से गुम मवेशी 11 नग की पहचान कार्यवाही कराकर पंचानामा तैयार कर तीन आरोपियों से पृथक पृथक मेमोरेंडम तैयार किया जो अपने कथन में बताये की दिनांक 11.06.23 को अन्य आरोपीयों के साथ गाव के बाहर तालाब के पास चारा वर रहे कुल 20 मवेशी भैसी, मेस, छोटे पडवापडिया,बड़े बगार पढ़िया को बेच कर रकम कमाने के लिए चोरी कर हकलाते ग्राम कसामुण्डा ले गये जहां अन्य आरोपी अपने साथिया के साथ मवेशी के सौदा अन्य आरोपी के पास 80,000 हजार रूपये में बेच कर पैसा लेकर वापस चले जाना तथा अन्य आरोपी अपने साथ 09 मवेशी बेचने ले जाना शेष 11 मवेशी की यह उपरोक्त तीनो आरोपीगण को अन्य आरोपीयों द्वारा ढाबुगाव बाजार में बेचने ले जाने बोलने पर लेकर जाना रास्ते के ग्राम परिया में मवेशी मालिक व्दारा पकड़ लेना बताया गुम मवेशी जॉच पर चोरी का अपराध घटित पाये जाने से देहाती नालसी क्रमांक 0723 धारा 379,344.11 भादवि0 का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। थाना आने पर असल अपराध क्रमांक 08/23 धारा 379,34,411 भादवि0 पंजीबध्द किया गया। प्रकरण में आरोपीगण 01. राजेश यादव पिता बलवन्त यादव उम्र 40 साल 02. रवि यादव पिता हरि यादव उम्र 35 साल साकिनान भालू डोंगरी थाना कालाहाण्डी जिला नवरंगपुर (उडिसा) 03. दुर्जन पुजारी पिता त्रिनाथ पुजारी उम्र 23 साल ग्राम पौण्डरा गोंडी थाना झरीगाव जिला नवरंगपुर (उडिसा) को अभीरक्षा में लिया गया। अन्य आरोपियों व माल मुलजिम का पतातलाश जारी है। गिर0 आरोपियों को मान न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में मुख्य भूमिका सउनि0 देवकुमार वर्मा आर0 राधेश्याम खाण्डेकर थाना इंदागाव, प्र0आर0 कुबेर बंजारे आर0 रिजवान कुरैशी थाना अमलीपदर की है।

# पीएससी घोटाले के विरोध में भाजयुमो के मुख्यमंत्री निवास घेराव के तैयारियों के संबंध में भाजपा मंडल गोहरापदर की बैठक संपन्न



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

**गोहरापदर** भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व की आव्हान पर तथा भाजपा युवा मोर्चा जिला गरियाबंद के निर्देशानुसार भाजयुमो मंडल गोहरापदर में क्क्ष्ट संग्राम 19 जून 2023 सोमवार को मुख्यमंत्री निवास घेराव की तैयारी के संबंध में भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी,युवा मोर्चा ज़िला मंत्री,मंडल प्रभारी तुलसी राठौर ने युवा मोर्चा के पदाधिकारियों की बैठक ली। भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरुनारायण तिवारी ने कहा की छत्तीसगढ़ में हुए क्क्ष्ट परीक्षा की भर्तियों में भारी मात्रा में धाँधली हुई कांग्रेस नेताओं एवं अफ़सरों के बच्चों को ही ज़्यादातर पदों पर हुआ हैं. जिससे भ्रष्टाचार को प्रगाढ़ बूं आ रही हैं विभिन्न पदों पर कांग्रेस नेताओं के बेटे-बेटियों,मुख्यमंत्री के रिश्तेदार और सगे संबंधियों को ही स्थान मिला कि छत्तीसगढ़ के जनता के लिए एक रेट लिस्ट तैयार कर दी गई है. छत्तीसगढ़ के दुलरवा बेटा होने का ढोंग करने वाले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के छत्तीसगढ़ियाँ बेटे बेटियों के जीवन को अंधकार मय करते इस घोटाले विरोध में भाजयुमो 19 जून को एक बड़ा आंदोलन करने जा रही है पूरे प्रदेश भर से युवा मोर्चा के कार्यकर्ता मुख्यमंत्री निवास घेरेंगे.पीएससी संग्राम के इस कार्यक्रम में गोहरापदर मंडल के सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल होंगे।जिसमें गोहरापदर युवा मोर्चा अध्यक्ष हेमराज मांझी,भाजयुमो उपाध्यक्ष खिरसिंह पुजारी,महामंत्री कीर्तन यादव,रूपसिंग मरकाम,ओमप्रकाश नागेश,परस राम कौशिक,तेजनारायण साहू, गठाराम साहू,गणेश नागेश बूथ,सचिन कश्यप,रमेश नेताम,शेखर यादव,तिलक नागेश,बलदेव नागेश सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के पिताजी की बिगड़ी तबीयत, मिलने पहुंचे मिडिया एसोसियेशन के पत्रकार,वहीं गरियाबंद जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी परमेश्वर राजपूत तो जिला महासचिव चंद्रहास निषाद को सौंपी गई



**संवाददाता हेमचंद नागेश**

छुरा..प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पिताजी नंद कुमार बघेल की तबीयत बिगड़ने के चलते रायपुर के मोवा स्थित बालाजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है अभी वर्तमान में नंदकुमार बघेल छत्तीसगढ़ मिडिया एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष पद पर हैं जिसके खबर मिलते ही आज गरियाबंद जिले के मीडिया एशोसियेशन के पत्रकार राजधानी रायपुर पहुंच कर प्रदेश अध्यक्ष के मुलाकात किये वहीं अभी तबीयत में सुधार बताया जा रहा है।एक तरफ छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों के आदेशानुसार गरियाबंद जिला से परमेश्वर कुमार राजपूत को गरियाबंद जिला अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया है और चंद्रहास निषाद को जिला महासचिव के रूप में नियुक्त किया गया है दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन के विश्वास के अनुरूप हम आगे और भी एशोसियेशन को गति प्रदान करने हेतु अथक प्रयास करेंगे।

**शैलेश सिंह राजपूत**
**प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य**
**छत्तीसगढ़ मिडिया एशोसियेशन**

**प्रदेश अध्यक्ष नंदकुमार बघेल, प्रदेश महासचिव अखिलेश रात्रे, प्रदेश उपाध्यक्ष वेदभूषण सनेही सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है। इस अवसर पर गरियाबंद जिले से पत्रकार मनोज कुमार गोस्वामी, सत्यनारायण विश्वकर्मा,किशन सिन्हा भी उपस्थित रहे।**

## सिन्हा समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

# सिन्हा समाज में युवाओ ओर महिलाओ की सहभागिता बढ़ना सराहनीय :अमितेष शुक्ला

**संवाददाता हेमचंद नागेश**

गरियाबंद - छत्तीसगढ़ सिन्हा समाज परिक्षेत्र गरियाबंद के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह गुरूवार को वन विभाग के आक्सन हाल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गरियाबंद परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित मंडलेश्वर गैदलाल सिन्हा, कोषाध्यक्ष भागीरथी सिन्हा, सचिव राजेश सिन्हा, प्रचार प्रसार मंत्री छन्नुलाल सिन्हा, तहसील निर्वाचन अधिकारी सुरेश केला व शिक्षा प्रकोष्ठ प्रमुख पप्पु कुमार सिन्हा ने शपथ ग्रहण की।उल्लेखनीय है कि गरियाबंद परिक्षेत्र में पहली बार मंडलेश्वर चुनाव के बाद इतना भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया था। समारोह के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजिम विधायक अमितेश शुक्ल, विशिष्ट अतिथि समाज के प्रदेश अध्यक्ष युवराज सिन्हा थे। प्रमुख रूप से समाज के संरक्षक दीनु सिन्हा, जिलाध्यक्ष अवधराम सिन्हा सहित जिले के सभी परिक्षेत्रे मंडलेश्वर उपस्थित थे। इनके मौजुदगी में निर्वाचन अधिकारी विजय सिन्हा ने सभी नवनिर्चाचित पदाधिकारियो ने पद एवं समाज हित



में निष्पक्षता व सेवाभाव से कार्य करने की शपथ दिलाई।इस दौरान समारोह को संबोधित करते हुए राजिम विधायक अमितेष शुक्ला ने कहहा कि सिन्हा समाज से उनका पुराना गहरा रिश्ता है। समाज ने हमेशा उनका सहयोग किया गया। उन्होने इस बात को लेकर खुशी जाहिर की, कि समाज आज हर क्षेत्र में तेजी से विकास कर रहा है। शिक्षा क्षेत्र में समाज के बच्चे 10वी और 12 वी टॉप कर रहे है। इसके साथ ही समाज में युवाओ ओर महिलाओ सहभागिता भी बड़ी है जो सराहनीय है। विधायक ने कहा कि राजिम विधानसभा को वे अपना परिवार मानते है, इसके विकास को उन्होने हमेशा प्राथमिकता दी। यहां की जनता भरपुर स्नेह भी उन्हे मिला, यही कारण है कि राजिम विधानसभा अन्य विस के बदले तेजी से विकास हुआ है। इस दौरान विधायक ने भूपेश सरकार भी तारीफ करते हुए कहा कि सरकार ने गांव, गरीब, किसान हर वर्ग का विकास हुआ हइस अवसर पर समाज के प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा ने कहा कि हमारे समाज के लिए गर्व की बात है कि इसमें युवाओ ओर महिलाओ की सहभागिता बड़ी हैं। युवा संगठित होंगे तो समाज तेजी से विकास करेगा। इस दौरान उन्होने समाज के सभी परिवार से प्रतिदिन एक रूपए, साल में 365 रूपए जमा करने की अपील की। कहा कि इस राशि से समाज के गरीब बच्चो को पढ़ाई में मदद की जाएगी। इसके अलावा समाज के पदाधिकारियो को रचनात्मक कार्यो में आगे आने की सलाह दी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सालभर की कार्ययोजना बनाकर काम करे। समाज की गतिविधि दिखनी चाहिए।इस अवसर पर समाज से उत्कृष्ठ कार्य करने वाले सभी पदाधिकारियो का भी साल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से फिंगेश्वर मंडलेश्वर ओमप्रकाश सिन्हा, राजिम मंडलेश्वर रामलाल सिन्हा, छुरा मंडलेश्वर शिवलाल सिन्हा, मैनपुर मंडलेश्वर दशरू राम सिन्हा तथा देवभोग मंडलेश्वर तुलसी राम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी मौजुद थे।

## थाना कोतवाली को मिली बड़ी सफलता

# शहर के अलग अलग स्थानों से चोरी हुई दो मोटरसाईकिलो को किया बरामद

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** एसपी द्वारा चोरी एवं नकाबजनी के अपराधियों की धरपकड़ एवं चोरी गये मशरूका बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया था जिसे अति पुलिस अधीक्षक शिवकुमार सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक भावना दांगी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली विजय राजपूत नेतृत्व में गठित टीम की।कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार तलाश कर आरोपी विजय पिता हरिचरण श्रीवास्तव उम्र 47 साल निवासी फुटेरा वार्ड 2 दमोह से थाना कोतवाली में अप.क्र. 447/23 धारा 379 ताहि मे चोरी गयी मोटरसाईकिल बरामद की एवं अप.क्र. 475/23 धारा 379) ताहि मे चोरी हुई मोटरसाईकिल को भी बरामद किया। आरोपी द्वारा चुराए हुये सामान में हीरो होंडा मोटरसाईकिल क्र. एमपी 34 ई 0437 एवं हीरो होंडा मोटरसाईकिल क्र. एमपी 15 एमबी 9198 को बरामद किया गया। इस दौरान सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक विजय राजपूत,प्रधान आरक्षक लालबहादुर,प्रधान आरक्षक हीरालाल, आरक्षक नरेन्द्र, आरक्षक रामकुमार,आरक्षक दरवारी लाल, आरक्षक नितिन का विशेष योगदान रहा।

# प्रतिभा सम्मान समारोह

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

सेवा संगठन मध्य प्रदेश* द्वारा सागर जिले में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन दिनांक 18 जून 2023 को रविंद्र भवन से किया जा रहा है ।इस समारोह में जहां एक ओर प्रदेश तथा जिले की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाने वाले निजी विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा, वहीं दूसरी ओर हर विद्यालय से कक्षा 5वी, 8वीं, 10वीं तथा 12वीं में विद्यालय में प्रथम स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को भी मंच पर सम्मानित किया जायेगा।इस कार्यक्रम के लिए जिले के प्रत्येक निजी विद्यालय से उनके कक्षा पांचवी आठवीं दसवीं तथा 12वीं के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एक एक विद्यार्थियों की सूची आ चुकी है । सूची भेजने की अंतिम तिथि 12 जून 2023 रखी गई थी। प्रतिभा सम्मान समारोह में लगभग 200 से अधिक निजी विद्यालयों के करीब 500 विद्यार्थी को सम्मानित किया जाएगा । प्रतिभा सम्मान समारोह में सूची भेजने वाले विद्यालयों से निवेदन है कि वे अपने विद्यार्थियों को दोपहर 2-30 बजे आयोजन स्थल पर पहुंचना सुनिश्चित करें ।सेवा संगठन




विद्यालय संचालकों से यह भी निवेदन करता है कि वह रविंद्र भवन में पहुंचकर अपने विद्यालय का रजिस्ट्रेशन कराते हुए अपने विद्यार्थियों की संख्या भी सुनिश्चित कर ले जिससे कार्यक्रम के दौरान त्रुटि होने की संभावना नगण्य रहे । रजिस्ट्रेशन के समय ही विद्यार्थियों की संख्या के अनुरूप प्रमाण पत्र संचालकों को वितरित किए जाएंगे।

हमारे कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि गण रहेंगे-
माननीय शैलेंद्र जैन जी
विधायक सागर नगर विधानसभा, सागर
माननीय प्रदीप लारिया जी
विधायक नरयावली विधानसभा, सागर
श्रीमान दीपक आर्य जी (ढ्ढस्)
जिलाधीश सागर, जिला सागर
श्रीमान अभिषेक तिवारी जी (ढ्ढक्कस्)
पुलिस अधीक्षक सागर, जिला सागर
श्री अखिलेश पाठक जी
जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सागर
श्री गिरीश मिश्रा जी
जिला परियोजना समन्वयक सागर

18 जून 2023 को रविंद्र भवन में अतिथि आगमन का समय दोपहर 3-00 बजे है, अतः सभी से निवेदन है कि समय से पूर्व अपना स्थान ग्रहण कर ले । प्रतिभा पुरस्कारों का वितरण विकासखंड अनुसार किया जाएगा, अतः बैठक व्यवस्था भी विकासखंड अनुसार बनाई गई है। अभिभावकों तथा विद्यार्थियों से निवेदन है कि वह निर्धारित विकासखंड की लाइन में ही अपना स्थान ग्रहण करें जिससे कार्यक्रम व्यवस्थित रूप से संचालित हो सके ।

पुरस्कार वितरण के समय अपना नाम पुकारे जाने पर क्रमानुसार मंच पर एक लाइन से पहुंचने की कष्ट करें ।

कार्यक्रम के दौरान शांति बनाए रखें तथा करतल ध्वनि से पुरस्कृत होने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करें ऐसा अनुरोध सेवा संगठन के समस्त पदाधिकारियों द्वारा निजी विद्यालय के संचालकों विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों से किया जाता है ।

**पंडित धर्मेंद्र शर्मा**
**प्रदेश अध्यक्ष**
**सेवा संगठन मध्य प्रदेश**

# कलेक्टर ने की जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा

## समयावधि में कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**

**पन्ना-** कलेक्टर श्री संजय कुमार मिश्र ने गत गुरूवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिले में क्रियान्वित कार्यों की समीक्षा की तथा समूह व एकल नल जल परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए निर्धारित समयावधि 30 जून तक अनिवार्यतः लंबित कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश दिए। अधिकारियों को नियमित रूप से प्रतिदिन कार्य की मॉनिटरिंग कर अवगत कराने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों को नल-जल योजना के हैण्डओवर के पश्चात् जनप्रतिनिधि और अधिकारी सत्यापन का कार्य भी सुनिश्चित करें। इस संबंध में कार्य पूर्णता वाली परियोजनाओं में एक सप्ताह में जरूरी कार्यवाही करने के लिए कहा। जनपद पंचायत सीईओ को डेमेज नल कनेक्शन के सत्यापन और दुरूस्त करवाने के निर्देश दिए। इस मामले में ग्राम पंचायत की जिम्मेदारी तय कर सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक उपाय अपनाने, पाइपलाइन टूटफूट की शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने, योजना के हैण्डओवर के बाद भी प्रमाणीकरण होने तक जिम्मेदारी तय करने सहित पंचनामा तैयार कर ग्राम पंचायत में योजना से संबंधित समस्त डाटा व दस्तावेज सुरक्षित रखने के संबंध में निर्देश दिए।कलेक्टर श्री मिश्र ने कहा कि 30 जून के बाद कार्य पूर्ण नहीं होने पर संबंधित ठेकेदार से निर्धारित जुर्माना राशि वसूलकर जल उपभोक्ता समिति के खाते में जमा करवाई जाएगी। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को सभी जनपद पंचायत सीईओ के साथ आवश्यक समन्वय के निर्देश देते हुए योजना में निर्मित प्लेटफार्म, वितरण नेटवर्क, पानी टंकी इत्यादि निर्माण कार्यों की जानकारी ली। साथ ही कहा कि योजना में ग्रामीण परिवारों को स्टैण्ड पोस्ट एवं नल कनेक्शन घर के परिसर में ही पाइपलाइन के माध्यम से प्रदान किया जाए। इस बारे में जपं सीईओ सभी ग्राम पंचायत को आवश्यक निर्देश जारी करें। सभी ग्राम पंचायतों में तत्काल गुणवत्ता कार्य का सत्यापन किया जाए।कलेक्टर ने कहा कि जल जीवन मिशन से संबंधित किसी भी आवश्यक सहयोग के लिए प्रशासन सदैव तत्पर है, लेकिन निर्माण कार्य व कार्य की गुणवत्ता में ठेकेदार की लापरवाही पाए जाने पर ब्लैकलिस्ट कर एफआईआर दर्ज कराने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी ठेकेदारों से कार्य की प्रगति के बारे में जानकारी ली गई। पीएचई विभाग के एसडीओ को कार्य के रिव्यू के संबंध में निर्देशित किया गया। अलग-अलग फर्म के स्थानीय स्तर पर दफ्तर संचालित कर सुचारू रूप से कार्यों के क्रियान्वयन के लिए कहा। बैठक में 30 योजनाओं के पुनरीक्षण का अनुमोदन भी किया गया। जलकर राशि वसूली के संबंध में भी चर्चा हुई। यह कार्य निविदा के माध्यम से कराने पर सहमति बनी। सिंघौरा-2 और पवई-ब्यारमा परियोजना में वन विभाग से आवश्यक समन्वय के संबंध में भी चर्चा की गई।बैठक में ईई पीएचई महेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में लगभग 58 हजार घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। योजना में 2 लाख 11 हजार से अधिक परिवारों को लाभांवित किया जाएगा। पवई बांध एवं मझगांय जल समूह प्रदाय योजना में 97 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुके हैं। इससे क्रमशः 158 और 118 गांव लाभांवित होंगे, जबकि 144 ग्रामों के लिए पीएचई विभाग द्वारा क्रियान्वित की जा रही एकल ग्राम योजना में 70 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण कर लिया गया है।




# सीएमएचओ डॉ. त्रिवेदी ने 108 एम्बुलेंस के पायलट को सेवा से किया पृथक

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** प्रत्येक मरीज को निःशुल्क वाहन समय पर उपलब्ध हो इसके लिये प्रदेश एवं जिले में 108 इमजेंसी एम्बुलेंस सेवाऐं राज्य शासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित की जा रही है। जिसमें मातृ एवं शिशु हेतु जननी वाहन एवं अन्य विशेष परिस्थितियों यथा एक्सीडेट, अन्य संभीर समस्या होने पर 108 एम्बुलेंस सेवा दी जा रही है सीएमएचओ डॉ.त्रिवेदी ने बताया गत दिनों एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें जननी का पायलट राघवेन्द्र चौबे द्वारा जिला अस्पताल से डिचार्ज मरीज को घर छो?ने के एवज में पैसे की मांग की गई थी। जिसकी जानकारी मिलने पर अनुबंधित संस्था के संचालक को बुलाकर त्वरित कार्यवाही करने के साथ जननी एम्बुलेंस पायलट द्वारा की गई अनियमित्ता के विरूद्ध तत्काल प्रभाव से पालयट राघवेन्द्र चौबे को पद से पृथक करने के निर्देश दिये जिसका अनुबंधित संस्था द्वारा पालन करते हुये सेवा से पृथक कर दिया है। संचालक द्वारा लिखित में आश्वासन दिया गया की भविष्य में ऐसी गलती नहीं दोहराई जायेगी। उन्होंने कहा भविष्य में पुनः इस प्रकार की अनिमित्ता पायी गई तो शासन दिशा-निर्देशों के अनुरूप जुर्माना/चार्ज लगाते हुये संस्था के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा तारादेही,समनापुर दमोह स्थित विभिन्न किराना दुकानों का किया गया औचक निरीक्षण

**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत डी.ओ. खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने कार्यवाही करते हुए दमोह जिले के तेंदूखेड़ा ब्लॉक के ग्राम तारादेही एवं समनापुर स्तिथ किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ग्राम समनापुर स्थित श्री ट्रेडर्स से अजवाइन के नमूनें जांच हेतु लिए। मौके पर दुकान संचालक को ग्राहकों को एक्सपायरी डेट की खाद्य सामग्री, बिना निर्माण तिथि, बैच नंबर के खाद्य पदार्थों को विक्रय नहीं करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान खाद्य परिसर में फूड लाइसेंस की प्रति स्पष्ट रूप से परिसर में प्रदर्शित पाई गई है। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया है।राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर अगर उक्त खाद्य पदार्थों के नमूनें मानक स्तर के नहीं पाए जाते हैं तो दुकानदार के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर फुड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड लगवाने के निर्देश दिए गए। मौके पर समस्त कार्यरत कर्मचारियों को एप्रन, हेड कवर, हैंड ग्लव्स आदि के उपयोग करने एवं कार्यरत कर्मचारियों के एनुअल मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र बनवाने के लिये कहा गया।



# भाजपा विधानसभा प्रभारी का हुआ भव्य स्वागत

**रीतेश अवस्थी**
**पुष्पांजली टुडे**

**दमोह।** दीनदयाल नगर मंडल के फुटेरा वार्ड नंबर 4 वार्ड क्रमांक 29 में भाजपा विधानसभा प्रभारी शतानंद गौतम का पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष पार्षद ठाकुर नरेंद्र सिंह चंदेल एवं वार्ड वासियों द्वारा भाजपा विधानसभा प्रभारी का श्रीफल देकर स्वागत किया गया,साथ ही भाजपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट प्रीतम सिंह लोधी, जिला महामंत्री सतीश तिवारी, मंडल अध्यक्ष महेश पटेल का भी श्रीफल देकर स्वागत किया गया। भाजपा विधानसभा प्रभारी शतानंद गौतम ने सभी को भाजपा की रीति - नीति से अवगत कराया साथ ही आने वाले विधानसभा चुनाव पर चर्चा की। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा अपनी रीति नीति के अनुसार प्रचंड बहुमत से विजय प्राप्त करेगी।पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष ठाकुर नरेंद्र सिंह चंदेल पार्षद द्वारा सभी को संबोधित करते हुए बताया गया कि राज्य शासन और केंद्र शासन की जन हितैषी योजनाओं के बारे में सभी को जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा में भाजपा प्रचंड बहुमत से जीत हासिल करेगी। इस अवसर पर कार्यक्रम में जिला सोशल मीडिया प्रभारी पंकज सेन, दीनदयाल नगर मंडल महामंत्री पवन सिंह चंदेल वार्ड वासी अमित सोनी, गुड्डू पटेल, लच्छू नामदेव ,विक्रम सिंह राजपूत, मनोज पटेल की उपस्थिति रही।



## रोजगार सहायक की भर्ती के लिए आए 658 आवेदन

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर**

पन्ना- ग्राम रोजगार सहायक के 20 पद पर भर्ती के लिए आज आवेदन की अंतिम तिथि तक कुल 658 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। शासन के नियमानुसार अब निर्धारित प्रक्रिया अनुसार भर्ती प्रक्रिया संपन्न की जाएगी। पन्ना विकासखण्ड अंतर्गत 2 पद के लिए 56 आवेदन, अजयग? विकासखण्ड में 1 पद के लिए 20 आवेदन, गुनौर विकासखण्ड में 10 पद के लिए 364 आवेदन, पवई विकासखण्ड में 2 पद के लिए 65 आवेदन और शाहनगर विकाखण्ड में 5 पद के लिए 153 आवेदन प्राप्त हुए हैं

# पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी ने कई वर्ष से वांटेड स्थाई गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार किया कोर्ट ने भेजा जेल

**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर।** पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया, व एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में स्थाई गिरफ्तारी वारंटी व गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार करने का अभियान चल रहा है इसी तारतम्य में थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस थाना पिछोर की टीम ने कई वर्ष से वांटेड स्थाई गिरफ्तारी वारंटी धर्मेंद्र लोधी निवासी ग्राम नांद को उसके घर से दबोच कर किया गिरफ्तार। धारा 25क्कआर्म्स एक्ट के प्रकरण में वांटेड था । पुलिस थाना पिछोरकी टीम में एसआई बी एल दौहरे ,प्रधान आरक्षक हिमांशु चतुर्वेदी, आरक्षक रूपेंद्र यादव, देशराज गुर्जर व प्रदीप कौरव की मुख्य भूमिका रही।




# पुलिस थाना पिछोर जिला शिवपुरी ने गुम महिला को खोज कर उसकी मां को सुपुर्द किया



**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर,।** पुलिस अधीक्षक श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया, व एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के निर्देशन में काफी लंबे समय से गुम हुए स्त्री व पुरुष की तलाश कर उनके परिवार को सुपुर्द करने का अभियान चल रहा है इसी तारतम्य में थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में लगभग 3 माह से गुम महिला को खोज कर उसकी मां को सुपुर्द किया ।दिनांक 23/3/ 23 को ग्राम कछौआ की उमा अहिरवार के घर से बिना बताए जाने की रिपोर्ट उसके पति नंदकिशोर जाटव ने दर्ज कराई थी जिस पर से थाना पिछोर ने गुमशुदगी क्रमांक 16/ 23 दर्ज कर उसकी तलाश की। पुलिस थाना पिछोर की टीम ने गुमशुदा उमा अहिरवार को खोज कर उसकी मां कलावती निवासी भितरगुंवा को सुपुर्द किया ।उमा ने बताया कि उसका पति नंदकिशोर जाटव निवासी कछौआ कोई काम धंधा नहीं करता है शराब पीकर आए दिन मारपीट कर झगड़ा करता है और उसके चाल चलन पर शक करता है इस कारण वह घर से अपने पड़ोसी रामकिशन अहिरवार के साथ हरियाणा के हांसी शहर में चली गई थी व फरूटी कंपनी में रामकिशन के साथ मजदूरी करती थी और वह अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती है । भविष्य में भी व रामकिशन के साथ रहेगी। उमा के एक पुत्र और दो पुत्री भी हैं। आज उमा अपने साथ दोनों बच्चियों को ले गई । पुलिस थाना पिछोर टीम में एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, अरविंद यादव व प्रधान आरक्षक हीरा सिंह बघेल शामिल रहे।

## न्यायालय पिछोर जिला शिवपुरी ने मोटरसाइकिल चालक पर किया 10,000 रुपये का जुर्माना

# मोटरसाइकिल चालक ने मोटरसाइकिल को लापरवाही व उतावलेपन से चला कर बालक में टक्कर मारकर किया था घायल




**राकेश परिहार पिछोर**
**9691338626**

**पिछोर।** ।दिनांक 9/6/23को फरियादिया सिमिया बाई अहिरवार निवासी मादौन खुर्द ने थाना पिछोर में रिपोर्ट की थी कि दिनांक 4/6/ 23 को दोपहर 2 बजे उसका नाती हर्ष घर के बाहर रोड पर खेल रहा था मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर नंबर नंबर स्क्क 32 ;1784 का चालक कल्ला लोधी उर्फ प्राण सिंह निवासी मादौन खुर्द का मोटरसाइकिल को लापरवाही व उतावलेपन से चला कर लाया और हर्ष में टक्कर मार दी जिससे उसके सिर व शरीर में चोंटे हैं। पुलिस थाना पिछोर ने अपराध क्रमांक 295/23 धारा 279, 337 आईपीसी पंजीबद्ध किया। आरोपी चालक कल्ला लोधी के पास मोटरसाइकिल चलाने का लाइसेंस भी नहीं पाया गया प्रकरण में धारा 3/181 स्क्क एक्ट का इजाफा किया प्रकरण में चालान न्यायालय पिछोर में पेश किया ।न्यायालय श्रीमान अमनदीप सिंह छाबड़ाछ्वरूस्नष्ट पिछोर द्वारा आरोपी चालक कल्ला उर्फ प्राण सिंह लोधी पर 10,000 रुपये का जुर्माना किया जिसमें से 3500 रुपये घायल बालक हर्ष अहिरवार की संरक्षक सिमिया बाई को प्रदान किए गए हैं। प्रकरण में मात्र मात्र 5 दिन के अंदर जुर्माना की कार्रवाई की है ।प्रकरण की विवेचना शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा की गई व आरक्षक प्रदीप कौरव द्वारा चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया गया।

## ब्रेकिंग न्यूज़

# देवेंद्र नगर ठेका श्री गांव-गांव पहुंचाई जा रही अवैध शराब



**पुष्पांजलि टुडे संवाददाता**
**देवेंद्र नगर घनश्याम शर्मा**

जिला प्रशासन एवं आबकारी विभाग मोन ठेकेदार के हौसले बुलंद आबकारी विभाग नहीं दे रहे ध्यान देसी शराब की कार्रवाई तो बहुत होती है ठेके की शराब जो गांव-गांव पहुंचाई जाती है इसमें प्रशासन शासन की मिलीभगत है क्या देखना है कि अब प्रशासन के द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है या नहीं

बीसीसीआई ने जारी किया लीड स्पॉन्सर के लिए टेंडर

# अल्कोहल, तंबाकू और सट्टेबाजी जैसी कंपनियां नहीं लगा सकेंगी बोली

टीम इंडिया की यह नई जर्सी 1 जून को लॉन्च की गई थी। वीडियो में साफ दिखाई दे रहा है जर्सी पर कोई लीड स्पॉन्सर का नाम नहीं लिखा है, जैसे पहले ब्च्छ्वछ्व%रु लिखा दिखता था। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ख्रष्टष्ठ) ने बुधवार को टीम इंडिया के लीड स्पॉन्सर के अधिकारों के लिए टेंडर बुलाए हैं। ख्रष्टष्ठ ने जारी टेंडर में कहा, अल्कोहल, तंबाकू, सट्टेबाजी, रियल मनी गेमिंग ((फैंटेसी स्पोर्ट्स गेमिंग), क्रिप्टोकरंसी और पोर्नोग्राफी या जो कंपनी सार्वजानिक नैतिकता को ठेस पहुंचने का काम करे उस तरह के ब्रांड को इस बोली (बिड) में शामिल नहीं किया जाएगा। ख्रष्टष्ठ ने अपने ऑफिशियल ट्विटर पर ट्वीट कर यह जानकारी दी है। मार्च 2023 तक ब्च्छ्वछ्व%रु टीम इंडिया का लीड स्पॉन्सर था। टीम के खिलाड़ियों के जर्सी पर सामने की ओर ब्च्छ्वछ्व%रु लिखा दिखता था। यह कॉन्ट्रैक्ट अब खत्म हो चुका है। यही वजह है कि टीम इंडिया वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप (ङ्खञ्जष्ट) फाइनल में बिना स्पॉन्सर वाली जर्सी के साथ मैदान पर उतरी थी।ख्रष्टष्ठ ने लीड स्पॉन्सर के लिए इनविटेशन टु टेंडर (ढ्ढञ्जञ्) रिलीज किया है, पांच लाख प्लस त्रस्ञ् के साथ खरीद सकता है।



इसे भरने की आखिरी तारीख 26 जून है। बता दें, पिछले ही महीने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (ख्रष्टष्ठ) ने एडिडास के साथ 2028 तक के लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। इंडियन मेंस क्रिकेट टीम के अलावा एडिडास विमेंस सीनियर नेशनल क्रिकेट टीम, इंडिया ए, इंडिया बी और अंडर-19 मेंस और विमेंस क्रिकेट टीम की जर्सी को भी स्पॉन्सर करेगा। बता दें, जुलाई में टीम इंडिया वेस्टइंडीज का दौरा करने वाली है। जहां पर टीम इंडिया 2 मैचों की टेस्ट सीरीज, 3 मैचों की वनडे सीरीज और 5 मैचों की टी-20 सीरीज खेलने वाली है। टीम इंडिया अपने दौरे की शुरुआत 12 जुलाई को टेस्ट मैच के साथ करेगी।

दुनिया की सबसे पुरानी सीरीज द एशेज कल से

# 140 साल पहले लिखे शोक संदेश से पड़ा नाम, ऑस्ट्रेलिया 34 बार जीता

द एशेज सीरीज का पहला मुकाबला बर्मिंघम में खेला जाएगा। इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया बतौर वर्ल्ड चैंपियन उतरेगा। दुनिया की सबसे पुरानी सीरीज द एशेज की शुरुआत 16 जून से होने जा रही है। यह टूर्नामेंट का 73वां सीजन है। पिछला सीजन ऑस्ट्रेलिया ने 4-0 से जीता था और इस बार का मेजबान इंग्लैंड है।

2 देशों की इस सीरीज की शुरुआत 140 साल पहले 1882 में हुई थी। हालांकि, ऑस्ट्रेलिया-इंग्लैंड 1877 से टेस्ट सीरीज खेल रहे हैं। दुनिया का पहला टेस्ट मैच भी इन्हीं देशों के बीच खेला गया था। यह मुकाबला 15 से 19 मार्च 1877 को मेलबर्न में खेला गया। बाद में इसी सीरीज का नाम %एशेज% पड़ा।

आगे जानिए एशेज की शुरुआत, नाम के पीछे की रोचक कहानी, मौजूदा सीजन का शेड्यूल, टॉप स्कोरर और विकेट टेकर...



इस नाम के पीछे एक रोचक कहानी है। इस सीरीज को यह नाम देने का श्रेय %द स्पोर्टिंग टाइम्स% की खबर और तब के इंग्लिश कप्तान इवो ब्लीग के उस बयान को जाता है, जो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया रवाना होने से पहले दिया था।

दरअसल, अगस्त 1882 में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को उसी के घर में हराया। तब लंदन से निकलने वाले अखबार द स्पोर्टिंग टाइम्स ने इंग्लिश क्रिकेट के मरने का शोक संदेश प्रकाशित किया, जिसमें पत्रकार रेनिगाल्ड शिर्ले ब्रूक्स ने लिखा, %इंग्लैंड क्रिकेट की मौत हो चुकी है और बॉडी को दफना दिया गया है। बची हुई राख (एशेज) ऑस्ट्रेलियन अपने घर ले गए हैं।

4 महीने बाद दिसंबर 1882 में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रवाना होने से पहले इंग्लैंड के कप्तान इवो ब्लीग ने कहा, 'अगस्त में ऑस्ट्रेलिया ले जाई गई राख को हम वापस लेने जा रहे है।' यहीं से टेस्ट सीरीज को एशेज कहा जाने लगा। दिसंबर 1882 में इंग्लैंड टीम ऑस्ट्रेलिया गई और एशेज वापस ले कर आई।

ट्रॉफी के अंदर राख है। कहा जाता है कि पहली एशेज सीरीज में मेलबर्न टेस्ट के बाद कुछ महिलाओं ने लकड़ी की बेल्स को जलाकर उसकी राख ट्रॉफी के अंदर रख दी, हालांकि इसे अधिकृत नहीं माना गया और यह आज तक पता नहीं चल पाया है कि वह राख किस चीज की है। ओरिजिनल ट्रॉफी को ओवल मैदान के स्र्ष्टष्ट म्यूजियम में रखा गया है। अब जीतने वाली टीम को उसकी रेप्लिका ट्रॉफी दी जाती है। एशेज दुनिया की सबसे छोटी ट्रॉफी मानी जाती है। एशेज सीरीज के टॉप 5 बैटर में से 3 ऑस्ट्रेलिया के हैं। इन बल्लेबाजों में सबसे पहला नाम डॉन ब्रैडमैन का आता है। ब्रैडमैन ने साल 1928 से साल 1948 के बीच 37 मैच में 5048 रन स्कोर किए। दूसरी ओर इंग्लैंड की ओर के टॉप बैटर जैक हॉब्स हैं। साल 1908 से 1930 के बीच हॉब्स ने 41 मैच में 3636 रन बनाए।

एक्टिव प्लेयर्स में स्टीव स्मिथ टॉप पर हैं, उन्होंने 32 मैच में 3044 रन बनाए हैं। इसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट हैं। रूट ने 29 मैच में 2016 रन स्कोर किए। एशेज के टॉप 5 गेंदबाजों में भी ऑस्ट्रेलिया के 4 शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के लीजेंडरी स्पिनर शेन वॉर्न टॉप पर हैं। उन्होंने साल 1993 से 2007 के बीच 36 मैच में 195 विकेट लिए हैं।इंग्लैंड की ओर से टॉप विकेट टेकर इयान बॉथम हैं। बॉथम ने साल 1977 से 1989 के बीच 36 मैच में 148 विकेट लिए हैं। एक्टिव प्लेयर्स में टॉप पर इंग्लैंड के स्टुअर्ट ब्रॉड हैं। ब्रॉड ने 35 मैच में 131 विकेट लिए हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की ओर से स्पिनर नाथन लायन ने 28 मैच में 101 विकेट लिए हैं।

ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच हुई एशेज में ऑस्ट्रेलिया का पलड़ा भारी है। अब तक दोनों देशों के बीच 72 सीरीज खेली गई हैं। इसमें से ऑस्ट्रेलिया ने 34 सीरीज जीतीं। वहीं, इंग्लैंड ने 32 सीरीज अपने नाम की हैं। बाकी की बची 6 सीरीज ड्रॉ रहीं।



भारत के 2025-2029 इंग्लैंड दौरे के लिए वेन्यू फाइनल

# लॉर्ड्स-हेडिंग्ले सहित कुल 6 स्टेडियम में खेले जाएंगे टेस्ट मुकाबले

भारत आखिरी बार पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए साल 2021 में इंग्लैंड का दौरा किया था। पांच मैचों की यह सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। एक मैच ड्रॉ हुआ था। जो रुट और विराट कोहली की यह फोटो उसी सीरीज की है। उस समय भारत के कप्तान कोहली और इंग्लैंड के कप्तान रुट थे।

भारत आखिरी बार पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए साल 2021 में इंग्लैंड का दौरा किया था। पांच मैचों की यह सीरीज 2-2 से ड्रॉ रही थी। एक मैच ड्रॉ हुआ था। जो रुट और विराट कोहली की यह फोटो उसी सीरीज की है। उस समय भारत के कप्तान कोहली और इंग्लैंड के कप्तान रुट थे।

भारत को साल 2025 में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करना है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (श्वष्टक्च) ने बुधवार, 14 जून को सीरीज के लिए वेन्यू की घोषणा की। श्वष्टक्च ने 14 जून को 2025-2031 के बीच सात साल के साइकल के लिए अपने मेंस और विमेंस टीमों के घरेलू कैलेंडर का ऐलान किया। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ढ्ढष्टष्ट) के फ्यूचर टूर प्रोग्राम (स्नञ्जक्क) के अनुसार, भारत जून 2025 में पांच टेस्ट मैचों की सीरीज (पटौदी ट्रॉफी) के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा। श्वष्टक्चने एक विज्ञप्ति में कहा कि ये मैच लॉर्ड्स, द ओवल (दोनों लंदन में), एजबेस्टन (बर्मिंघम), हेडिंग्ले (लीड्स) और ओल्ड ट्रैफर्ड (मैनचेस्टर) में खेले जाएंगे। साल 2029 में सीरीज के लिए पांच वेन्यू में से एक में बदलाव किया गया है। इस सीरीज के लिए हेडिंग्ले की जगह साउथम्प्टन के द रोज बाउल को शमिल किया गया है। जबकि अन्य चार वेन्यू (लॉर्ड्स, द ओवल, एजबेस्टन और ओल्ड ट्रैफर्ड) एक ही रहेंगे। साउथम्प्टन के द रोज बाउल में ही भारत को पहले वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ङ्खञ्जष्ट) फाइनल में न्यूजीलैंड से हार मिली थी।

श्वष्टक्च के सीईओ रिचर्ड गोल्ड ने कहा, %अगले सात सालों के लिए कार्यक्रमों के वेन्यू की घोषणा कर दे रहे हैं ताकि स्टेडियम में सुधार कर सकें। ऑस्ट्रेलिया के अलावा भारत एकमात्र टीम है जिसके खिलाफ इंग्लैंड स्वदेश और विदेश दोनों में पांच टेस्ट की सीरीज खेलता है। इंग्लैंड का भारत का अगला दौरा जनवरी 2024 में पांच टेस्ट मैचों के लिए होगा जो एंथोनी डि मेलो ट्रॉफी के लिए खेला जाएगा। भारत और इंग्लैंड के बीच अब तक कुल 35 टेस्ट सीरीज खेली जा चुकी है। भारत 11 और इंग्लैंड 19 जीता है, जबकि पांच सीरीज ड्रॉ रही है। टीम इंडिया इंग्लैंड में 19 टेस्ट सीरीज खेली भारतीय टीम इंग्लैंड में 19 टेस्ट सीरीज खेली है, जिसमें 14 सीरीज में इंग्लैंड और केवल तीन सीरीज में भारत को जीत मिली है। दो सीरीज ड्रॉ रही है।

# सिंगल टेस्ट में बांग्लादेश की मजबूत शुरुआत:पहले दिन स्कोर 362/5, अफगान के खिलाफ शांतो का शतक

**मीरपुर।** मेजबान बांग्लादेश ने इकलौते टेस्ट में अफगानिस्तान के खिलाफ मजबूत शुरुआत की है। टीम ने पहले दिन स्टंप्स तक 5 विकेट पर 362 रन बना लिए हैं। मीरपुर में चल रहे इस मुकाबले में नजमुल हसन शांतो ने शतकीय पारी खेली है। बुधवार को पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद मुश्फिकुर रहीम 41 और मेहदी हसन मिराज 43 रन पर नाबाद लौटे। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरी बांग्लादेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही। टीम ने 6 रन के टीम स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां ओपनर जाकिर हसन एक रन के निजी स्कोर पर निजत मसूद का शिकार बने। उन्हें मसूद ने विकेटकीपर अफसर जजाई के हाथों कैच कराया। हसन का विकेट गंवाने के बाद खेलने आए नजमुल हसन शांतो ने ओपनर महमुदौल हसन जॉय के साथ पारी संभाली। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 267 बॉल पर 212 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी ने पहली पारी में टीम की मजबूत शुरुआत पर अहम भूमिका निभाई। इस साझेदारी को रहमत शाह ने हसन जॉय को आउट करते हुए तोड़ा। बांग्लादेश की ओर से नजमुल हसन शांते ने करियर का तीसरा शतक जमाया। उन्होंने 175 बॉल पर 83.42 के स्ट्राइक रेट से 146 रन बनाए। शांतो की पारी में 23 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। शांतो को अमिर हमजा ने नासिर जमाल के हाथों कैच कराया। अफगानिस्तान की ओर से निजत मसूद ने दो विकेट लिए, जबकि जाहिर खान, आमिर हमजा और रहमत शाह को एक-एक सफलताएं मिलीं।



शांतो का तीसरा शतक
146 रन
175 गेंद

# तमिलनाडु प्रीमियर लीग में एक गेंद पर 2 डीआरएस:अश्विन ने थर्ड अंपायर के फैसले पर लिया रिव्यू, ऐसा करने की वजह भी बताई

**चेन्नई।** ञ्जहृक्क में डिंडिगुल ड्रैगन्स और त्रिचि के बीच बुधवार को मैच खेला गया। इसमें अंपायर ने पहले आउट करार दिया। थर्ड अंपायर ने दो बार नॉट आउट करार दिया। इस फैसले से डिंडिगुल ड्रैगन्स टीम के कप्तान आर अश्विन खुश नहीं थे। उन्होंने फैसले को चुनौती दी और रिव्यू ले लिया। हालांकि, थर्ड अंपायर अपने फैसले पर कायम रहे और बल्लेबाज नॉटआउट रहा। दरअसल बुधवार को ञ्जहृक्क में डिंडिगुल ड्रैगन्स और त्रिचि के बीच मुकाबला खेला गया। त्रिचि के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। मैच के 13वें ओवर में डिंडिगुल ड्रैगन्स की ओर से आर अश्विन गेंदबाजी कर रहे थे। ओवर की आखिरी गेंद पर त्रिचि के बल्लेबाज राजकुमार मिस कर गए और गेंद विकेटकीपर के हाथों में चली गई। कैच की अपील की गई। फील्ड अंपायर ने आउट करार दिया बैटर राजकुमार ने ष्ठक्रस् लिया। थर्ड अंपायर ने टीवी रिप्ले देखने के बाद माना कि गेंद बल्ले से नहीं बल्कि बल्ला जमीन से टकराने के कारण अल्ट्रा एज पर लाइन दिखाई दे रही है। उन्होंने फील्ड अंपायर के फैसले को पलटते हुए बल्लेबाज को नॉट आउट करार दिया। इसके बाद आर अश्विन ने थर्ड अंपायर के फैसले पर रिव्यू ले लिया। इस दौरान आर अश्विन की फील्ड अंपायर से हल्की बहस भी हुई। मैच के बाद अश्विन ने थर्ड अंपायर के फैसले पर रिव्यू लेने की वजह बताई। उन्होंने कहा कि स्क्रीन पर देखकर मुझे लगा कि आउट था। इस टूर्नामेंट में ष्ठक्रस् नया है। किनारा लगने पर अल्ट्राऐज पर स्पाइक आम तौर पर बल्ले पर गेंद लगने से पहले दिखाता है। ऑन फील्ड अंपायर के फैसले को पलटने के लिए निर्णायक सबूत होना चाहिए। उन्होंने इसे पलट दिया, मैं थोड़ा खुश नहीं था। इसलिए, मैंने रिव्यू लिया उम्मीद कर रहा था कि अंपायर इसे एक अलग एंगल से देखेंगे और अपने पहले वाले फैसले पर विचार करेंगे। ञ्जहृक्क की तरह विमेंस प्रीमियर लीग (ङ्खक्क) में भी ऐसा हुआ था। दरअसल इस साल मार्च में ङ्खक्क में मुंबई इंडियंस और यूपी वॉरियर्स के बीच मुकाबला था। मुंबई इंडियंस बल्लेबाजी कर रही थी। पांचवें ओवर में सोफी एक्लेस्टोन की पांचवीं गेंद हेली मैथ्यूज के पैड्स पर लगी। यूपी वॉरियर्स ने रुख्ङ्ख की अपील की। इसे फील्ड अंपायर ने नकार दिया। इसके बाद यूपी वॉरियर्स ने ष्ठक्रस् लिया और थर्ड अंपायर ने इसे आउट करार दिया। मुंबई इंडियंस की टीम इस फैसले से नाखुश थी। बल्लेबाज मैथ्यूज ने थर्ड अंपायर के फैसले पर रिव्यू ले लिया। बाद में थर्ड अंपायर को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने अपना फैसला बदल कर मैथ्यूज को नॉटआउट करार दिया।



यूएफा पर अव्यवस्था का आरोप

# 65 हजार का टिकट लेने के बाद भी पानी के लिए भटके फैंस

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड के फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी के चैंपियंस लीग चैंपियन बनने के साथ ही यूरोप में क्लब फुटबॉल का सीजन खत्म हो गया। अब यूरोपियन फुटबॉल को चलाने वाली संस्था यूएफा अगले सीजन की तैयारी शुरू करेगी। फुटबॉल के जानकारों का कहना है कि यूएफा को अगले सीजन के लिए तैयारी कुछ ऐसी करनी चाहिए, ताकि फैंस को परेशानियां न हों। दरअसल, इस्तांबुल में शनिवार को चैम्पियंस लीग का फाइनल सिटी और इंटर मिलान के बीच खेला गया था। इसमें इतनी ज्यादा अव्यवस्थाएं थीं कि वह वर्ल्ड क्लास इवेंट लग ही नहीं रहा था। यूएफा को इस सीजन में 3.5 बिलियन यूरो (करीब 31 हजार करोड़ रुपए) की कमाई हुई। फाइनल के टिकट भी 6 से 65 हजार रुपए तक के बीच थे, फिर भी फैंस के लिए कोई सहूलियतें नहीं थीं। कुछ फैंस ने यूएफा पर जानवरों की तरह बर्ताव करने का आरोप लगाया है। फैंस को पानी तक के लिए जूझना पड़ा। यूएफा ने फैंस से कहा था कि वे ट्रैफिक जाम से बचने के लिए दोपहर 3 बजे यानी मैच शुरू होने से 7 घंटे पहले फैन पार्क पहुंच जाएं। जब फैंस वहां पहुंचे, तब भी लंबी-लंबी लाइनें लगी हुई थीं। वहां पर सभी फैंस की एयरपोर्ट सरीखी सुरक्षा जांच चल रही थी। उन्हें स्कैन किया जा रहा था। उनकी पानी की बॉटल तक जब्त कर ली गई थी।



अर्जुन तेंदुलकर समेत 20 खिलाड़ियों को एनसीए कैंप बुलाया गया

# अगस्त में तीन हफ्ते का होगा कैंप, अंडर-23 एशिया कप है टारगेट

**नई दिल्ली।** अर्जुन तेंदुलकर मे ढ्ढक्क 2023 में ढ्ढक्क डेब्यू किया। अर्जुन ने 3 मैच में 2 विकेट लिए। अर्जुन तेंदुलकर मे ढ्ढक्क 2023 में ढ्ढक्क डेब्यू किया। अर्जुन ने 3 मैच में 2 विकेट लिए। युवा ऑलराउंडर खोजने के लिए ख्रष्टष्ठ ने में 20 ऑलराउंडर को बेंगलुरू स्थित नेशनल क्रिकेट अकादमी (हृष्ट) में कैंप के लिए बुलाया गया। कैंप अगस्त महीने में लगभग 3 हफ्ते का होगा। इसमें सचिन तेंदुलकर के बेटे और गोवा के रणजी प्लेयर अर्जुन तेंदुलकर भी शामिल है। ख्रष्टष्ठ के एक सोर्स ने न्यूज एजेंसी क्कञ्जढ्ढ को बताया कि इस साल अंडर -23 एशिया कप होना है, इस कारण ख्रष्टष्ठ यंग ऑलराउंडर की तलाश में है। हृष्ट के अध्यक्ष ङ्कङ्कस् लक्ष्मण चाहते है कि हर फॉर्मेट में भारत के पास शानदार ऑलराउंडर हो। सोर्स के मुताबिक सीनियर नेशनल सिलेक्शन कमेटी के इंटरिम चेयरमैन शिव सुंदर दास ने प्रदर्शन और क्षमता के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया है। सोर्स ने कहा कि, कोई भी प्लेयर पूरी तरह ऑलराउंडर नहीं है। कुछ बॉलिंग ऑलराउंडर है तो कुछ बैटिंग ऑलराउंडर। हृष्ट कैंप में इन ऑलराउंडर्स के गेम को बेहतर करने के लक्ष्य से इन्हें बुलाया गया है। अर्जुन के अलावा सौराष्ट्र के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज और निचले क्रम के बल्लेबाज चेतन सकारिया शामिल हैं, जो पहले ही 2021 में भारत के लिए खेल चुके हैं और दिल्ली कैपिटल्स के लिए आईपीएल में भी खेलते हैं।वहीं, पंजाब के बाएं हाथ के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा हैं, जिन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और बाएं हाथ से शानदार स्पिन गेंदबाजी भी की है। गोवा के ऑलराउंडर मोहित रेडेकर और राजस्थान के खिलाड़ी मानव सुथार भी इस लिस्ट में शामिल है। दिल्ली से तेज गेंदबाज हर्षित राणा और मीडियम फास्ट बॉलर दिविज मेहरा हैं, दोनों ही शानदार बल्लेबाज भी हैं। हर्षित राणा ङ्खञ्जष्ट फाइनल के दौरान बतौर नेट बॉलर भारतीय टीम के साथ इंग्लैंड भी गए थे।



# मासूम बालक की दुष्कर्म कर हत्या करने वाले रिश्तेदार को पुलिस ने गिरफ्तार कर बालक के शव को आलोरी के जंगल से किया बरामद

## पारसेन से 16 दिन पूर्व लापता हुए नाबालिग बालक का जंगल में मिला कंकाल





**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**ग्वालियर।** थाना बिजौली क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पारसेन निवासी किशोर माहौर का 9 वर्षीय बालक 31 मई 2023 को दोपहर घर के बाहर खेलते समय गायब हो गया था। बालक का पता नहीं लगने पर परिजनों ने थाना बिजौली में बालक के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना बिजौली पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपी के खिलाफ अप0क्र0 125/23 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध बालक तथा आरोपी की तलाश प्रारम्भ की गई। उक्त गायब हुए बालक के परिजनों के मोबाइल नम्बर पर फिरौती के लिए मैसेज आये, जिस पर से मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री राजेश सिंह चंदेल,भापुसे द्वारा अति0 पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री जयराज कुबेर को पुलिस की टीमें बनाकर व साइबर सेल को सक्रिय कर अपहृत बालक तथा अज्ञात आरोपी की तलाश हेतु लगाने के निर्देश दिये।वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी बेहट सुश्री हिना खान के मार्गदर्शन व नेतृत्व में थाना बिजौली, बेहट, डबरा तथा आरोपी पुलिस की टीमें बनाकर अपहृत बालक व आरोपी की तलाश हेतु लगाया गया। पुलिस टीम द्वारा अपहृत बालक व आरोपी की तलाश हेतु साइबर सेल की मदद से फिरौती के लिए आये मैसेज के नम्बर की जांच की गई, जो कि ग्राम पारसेन निवासी अपहृत बालक के रिश्तेदार का होना पाया गया। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा संदेही रिश्तेदार की उसके घर पर तलाश की गई जो घर से गायब मिला। दिनांक 15.06.2023 को तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर सूचना के आधार पर ज्ञात हुआ कि बीजासेन माता मंदिर के पास देखा गया है। जिस पर से पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए बीजासेन माता मंदिर के पास से संदेही रिश्तेदार को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। पकड़े गये रिश्तेदार से गायब बालक के संबंध में पूछताछ की तो उसने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा संदेही रिश्तेदार से गहन पूछताछ की तो उसने मासूम बालक की हत्या करना स्वीकार लिया है। पूछताछ में पकड़े गये आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दिनांक 31.05.2023 को अपनी मोटर साइकिल से मरघट की तरफ जा रहा था तभी मैने मैदान में बालक ध्रुव माहौर को खेलते हुए देखा जो कि परिवार में मेरा भतीजा लगता है। उसे देखकर मैने उसके साथ दुष्कर्म करने के इरादे से बुलाकर 10 रूपये देकर राजश्री लाने के लिए कहा और मैं आगे जाकर खड़ा हो गया। उसके बाद मंदिर जाने की बोलकर उसे मोटरसाइकिल पर बिठाकर आलोरी की तरफ ले गया। सूनसान इलाके में लेकर मैंने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया जिस पर से ध्रुव रोने लगा और कह रहा था कि मैं घर जाकर सब बता दूंगा। कहीं मेरा राज न खुल जाएगा इसलिए मैंने वही पर एक गड्ढे में भरे पानी में ध्रुव का सिर डालकर उसके ऊपर बैठ गया। कुछ देर तड़पने के बाद बालक ध्रुव की मृत्यू हो गई उसके बाद लाश को वहीं पर गड्ढे में दबा दिया और ऊपर से मिट्टी डाल कर मैं वहां से मोटर साइकिल लेकर अपने घर वापस आ गया। उसके बाद ध्रुव के परिजनों के साथ मिलकर मैं उसको खोजने लगा।पकड़े गये आरोपी की निशादेही पर पुलिस टीमों द्वारा आलोरी के जंगल में सर्चिंग की गई लेकिन गायब बालक का शव नही मिली, पुलिस टीम द्वारा पुनः आज प्रातः आरोपी के बताए स्थान पर लापता बालक के शव की तलाश की गई तो एक स्थान पर कंकालनुमा शव मिला है। जंगल में शव मिलने पर पुलिस ने तत्काल फोरेंसिक एक्सपर्ट सीनियर साइंटिस्ट अखिलेश भार्गव को भी स्पॉट पर बुला लिया। फोरेंसिक एक्सपर्ट की निगरानी में घटना स्थल से मृतक का कंकालनुमा शव पुलिस द्वारा निगरानी में लिया गया। घटना स्थल से मृतक बालक की अंडर गारमेंट्स, लोअर और आरोपी की साफी भी बरामद हुई है।ज्ञात हो कि फरियादी तिलक सिंह निवासी ग्राम पारसेन थाना बिजौली ने दिनांक 31.05.2023 को थाना आकर अपने 9 वर्षीय भतीजे ध्रुव के गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें उनके द्वारा बताया गया कि मेरा भतीजा दोपहर में घर के बाहर खेल रहा था, जो कि गायब हो गया है। कोई अज्ञात व्यक्ति मेरे भतीजे को बहला फुसलाकर ले गया है। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना बिजौली में अप0क्र0 125/23 धारा 363 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर अपहृत की तलाश प्रारम्भ की गई।

### सराहनीय भूमिका

: एसडीओपी बेहट हिना खान, थाना प्रभारी बिजौली साधना सिंह, थाना प्रभारी बेहट दिलीप समाधिया, उप निरीक्षक साइबर सेल रजनी रघुवंशी, थाना डबरा से सउनि गंगासिंह गुर्जर, भानु प्रताप गुर्जर, म.प्र0आर0 अर्चना कंसाना, थाना बिजौली से- सउनि मनोज शर्मा, आरक्षक मुकेश, सीताराम, बृजेश, मनोज गुर्जर, अजय तोमर, रविकांत शर्मा, आर. चालक रामसनेही, हरीप्रताप, आरोन से- आरक्षक भानु प्रताप कुशवाह, बेहट से- आरक्षक प्रदीप यादव, एवं साइबर सेल से सोनू प्रजापति की सराहनीय भूमिका रही।

## ग्वालियर में आप देखेंगे डांस का पावर




**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर।जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी एवं द फ्लाई डांस एकेडमी के द्वारा डांस कंपटीशन कराया जा रहा है कार्यक्रम का शीर्षक रहेगा डांस का पावर ! कार्यक्रम दिनांक 20 जून 2023 गालव सभागार जीवाजी यूनिवर्सिटी में रखा गया है जो भी बच्चे इस कार्यक्रम में भाग लेना चाहते हैं और अपना परफॉर्मेंस दिखाना चाहते हैं वह ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भर सकते हैं कार्यक्रम की अध्यक्षता अरुणेश सिंह भदोरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष जनशक्ति वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा की जाएगी कार्यक्रम संयोजक विक्की कुशवाहा एवं कृष्णा कदम रहेंगे जो भी व्यक्ति इस प्रोग्राम में स्पॉन्सरशिप करना चाहता है वह 787979 1 372 और 7987341102 पर संपर्क कर सकता है रजिस्ट्रेशन के लिए केवल 78797 91372 पर ही संपर्क करें।

### समाज में सभी संगठन एक होकर करें लड़े आगामी विधानसभा-नरेश कुशवाह

# पार्टियों को छोड़कर समाज के उम्मीदवार का कह रहे हैं सहयोग कैलाश कुशवाह

**अनिल कुशवाहा**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी** -अखिल भारतीय कुशवाह महासभा की बैठक आज गोपाल जी मैरिज गार्डन में संपन्न हुई जिसमें अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुशवाह पूर्व पोहरी विधानसभा प्रत्याशी कैलाश कुशवाह भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय कुशवाह और अन्य पदाधिकारी भी शामिल हुए जिन्होंने बताया कि समाज को जागरूक करने के लिए हमे राजनीतिक मैं ब? च? कर हिस्सा लेना चाहिए तभी हम अपनी ल?ाई को लड़ सकते है समाज के व्यक्ति के काम की तारीफ होती हैं लेकिन समाज को राजनीति के हर हिस्से मै भाग लेने के लिए हमेशा ततपर रहना चाहिए कोलारस के आये पूर्व पार्षद



मंगल सिंह ने बताया कि आने वाले विधानसभा के चुनाव में समाज को राजनीति में हिस्सा लेकर टिकट की दावेदारी करें और वह किसी भी पार्टी से पूरा समाज का साथ दें जब तक हम अपने समाज की ओर अपनी ताकत का एहसास नही कराएंगे तब तक अपनी आवाज को दबाते रहेंगे इसलिए समाज के जितने भी सगठंन चल रहे है उन सभी समाज के संगठनों को एक होकर विधानसभा चुनाव मै एक होकर कार्य करना है और अपनी मौजूदगी का एहसास कराना हैं

**पूर्व विधानसभा प्रत्यासी ने बताया कि समाज मे अलग अलग संगठन** – समाजिक कार्य कर सकते है हर समाज मे राजनीति की भूख हैं पर अकेले कुशवाह समाज ही एक ऐसा समाज हैं जिसमे राजनीति की भूख होनी चाहिएसमाज की कही न कही आर्थिक स्थिति भी कमजोर हैं जिसका मुख्य कारण हैं शिक्षा की कमी समाज के लोग अपने बच्चों को शिक्षा पर जोर देने का कार्य करे जिससे वह अपने समाज को जागरूक कर सके25 जून भोपाल मैं एक कार्यक्रम रखा जाएगा जिसमे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी को मुख्य अतिथि के रूप में बुलाया गया हैं अन्य समाज के लोग भी आज हमारे समाज से जु?कर अपना वोट बैंक ब?ा कर अपना फायदा उठा कर आगे निकल जाते हैं

उपलब्ध हैं।
फाईनेंस / लोन / होम लोन
ग्वालियर मुरैना बामोर गोहद मालनपुर डबरा इत्यादि जगह में आप मकान खरीदने और प्लॉट खरीद कर मकान बनाने के लिए लोन के हैं जरुरत तो करें हमसे संपर्क।
संपर्क करें
07974596469

प्रो. अमित
श्री हनुमते नमः
प्रो. दीपक
मो. 7772843302
9617243208
मो. 9639422665
7024015532
जय दंदरौआ सरकार इन्टरप्राइजेज
डिस्पोजल
दोना पत्तल, डिस्पोजल प्लेट, ग्लास, पत्ते वाली पत्तल, दोने
निर्माता एवं थोक विक्रेता
शादी, पार्टी एवं अन्य शुभ कार्यों आदि में सभी सामान फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है

## मध्यप्रदेश में चल रहा जन-कल्याण का महायज्ञ सीएम चौहान



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मंत्रालय सभा कक्ष में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने से पहले मंत्रि-परिषद के सदस्यों से कहा कि मध्यप्रदेश में जन-कल्याण का महायज्ञ चल रहा है। प्रदेश के साड़े आठ करोड़ नागरिकों के कल्याण के लिए सरकार संकल्पित है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के 10 जून के कार्यक्रम और किसान -कल्याण के 13 जून के कार्यक्रम सफल हुए। यह सप्ताह इस दृिष्ट से काफी महत्वपूर्ण रहा । किसानों और बहनों को मंत्रि-परिषद की ओर से बधाई दी गई ।मंत्रि-परिषद के सदस्यों और प्रशासनिक टीम को इन कार्यक्रमों और योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए बधाई देते हुए मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना ,पहली बार किसी योजना के त्वरित क्रियान्वयन का यह अनोखा उदाहरण है। नर्मदा जयंती 28 जनवरी को योजना प्रारंभ करने की घोषणा,5 मार्च को योजना के शुभारंभ,इसके बाद पात्र बहनों के आवेदन-पत्र प्राप्त करने,ई-केवायसी की औपचारिकता पूर्ण कर बैंक खाते में राशि अंतरित करने की संपूर्ण प्रक्रिया निर्धारित तरीके से पूरी की गई।

पुष्पांजली टुडे
आम सूचना / कोर्ट नोटिस

| साइज फिक्स | रूपये |
|---|---|
| 8x4 cm | 1120 |
| 10x4 cm | 1400 |
| 12x4 cm | 1680 |

अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

पुष्पांजली टुडे
गुमशुदा / खोया -पाया
नाम परिवर्तन

| साइज फिक्स | रूपये |
|---|---|
| 8x4 cm | 1050 |

अन्य साइज 50/- sq.cm.
बुकिंग के लिए संपर्क करें
0751-4050784
8269307478

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478